दैनिक

पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 358 | ग्वालियर, रविवार 08, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

न्यूज ट्रैक

विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले ट्रैवल एजेंट भाई-बहन गिरफ्तार, घर से मिला 1.07 करोड़

नई दिल्ली। पंजाब के लुधियाना जिले से पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले एक ट्रैवल एजेंट भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके घर से तलाशी के दौरान 1.07 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 3 दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। शुभम अग्रवाल के अनुसार, अमित और वीनू मल्होत्रा का ठगी का तरीका अनोखा था। उन्होंने लुधियाना में ÷ग्लोबल वे इमीग्रेशन÷ नाम से एक ऑफिस खोल रखा था। यहां वे लोगों से वीजा लगने के बाद पैसे लेने का वादा करते थे। शुरुआत में वे पेपर पूरे करवाने के नाम पर दो लाख रुपए लेते थे। इसके बाद दस्तावेजों में कमी या फाइल रिजेक्ट होने की बात कहकर पैसे वापस नहीं करते थे। अधिकतर मामलों में, आरोपी फर्जी दस्तावेज दिखाकर वीजा के लिए अप्लाई करने वालों को बताते थे कि उनकी फाइल रिजेक्ट हो गई है और पैसे वापस नहीं होंगे। जो लोग उनके खिलाफ आवाज उठाते थे, उन्हें बाउंसरों के जरिए धक्के देकर बाहर निकाल दिया जाता था। भाई-बहन मिलकर सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बना चुके हैं। एडीसीपी ने बताया कि वीनू के खिलाफ विदेश भेजने के नाम पर ठगी के तीन पर्चे पहले से दर्ज हैं। 25 दिन पहले संगरूर का एक दंपती पानी की टंकी पर चढ़ गया था। उनका आरोप था कि अमित और वीनू ने विदेश भेजने के नाम पर 18 लाख रुपये लिए थे लेकिन उन्हें विदेश नहीं भेजा। पुलिस इस मामले की अभी जांच कर रही है।

विनेश और बजरंग पुनिया की राजनीति में एंट्री, थामा कांग्रेस का हाथ, विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

नई दिल्लीः पिछले कुछ दिनों से जारी कयासों को विराम देते हुए ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का 'हाथ थाम लिया। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सामने आए इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बाद दोनों पहलवानों का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि इसका फैसला पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति करेगी। पार्टी महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, पार्टी के हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सूरजभान, प्रवक्ता पवन खेड़ा और अन्य नेताओं की मौजूदगी में दोनों पहलवान कांग्रेस में शामिल हो गए। वेणुगोपाल ने दावा किया कि बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात के बाद रेलवे ने फोगाट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नोटिस में राजनीतिक नेताओं से मिलकर सेवा नियमों का उल्लंघन करने की बात कही गई है। वेणुगोपाल ने पूछा कि क्या विपक्ष के नेता से मिलना अपराध है। साथ ही उन्होंने रेलवे अधिकारियों से फोगाट को कार्यमुक्त करने और 'राजनीति नहीं करने% का अनुरोध किया। यह पूछे जाने पर कि क्या फोगाट और पूनिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने कहा कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति इस पर निर्णय करेगी। कांग्रेस में शामिल होने से पहले फोगाट और पूनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। पार्टी में शामिल होने के बाद फोगाट ने कहा कि भाजपा, बृजभूषण शरण सिंह का समर्थन कर रही है जबकि कांग्रेस ने प्रदर्शनकारी पहलवानों का साथ दिया और वह भी तब जब उन्हें दिल्ली में सड़कों पर घसीटा जा रहा था। पूनिया और फोगाट 2023 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, ''मैं देश के लोगों और मीडिया को धन्यवाद देती हूं, आपने मेरी कुश्ती यात्रा के दौरान मेरा समर्थन किया। मैं कांग्रेस पार्टी को धन्यवाद देना चाहती हूं। कहा जाता है कि बुरे समय में पता चलता है कि कौन अपना है। जब हमें सड़कों पर घसीटा जा रहा था, भाजपा को छोड़कर सभी दल हमारे साथ खड़े थे। उन्होंने कहा, ''आप (कांग्रेस) हमारे दर्द और आंसुओं को समझ पा रहे थे। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी विचारधारा से जुड़ी हूं, जो महिलाओं पर हो रहे अन्याय के खिलाफ खड़ी है और सड़क से संसद तक उनके हक की लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वह न तो डरने वाली हैं और न ही पीछे हटने वाली हैं। उन्होंने कहा, ''मामला अदालत में है और हम वहां भी जीतेंगे। फोगाट ने कहा, ''मैं जंतर-मंतर पर कुश्ती छोड़ सकती थी क्योंकि भाजपा का आईटी सेल प्रचार कर रहा था कि हम फुंके कारतूस हैं। उन्होंने कहा कि मैं नेशनल में नहीं खेलना चाहती थी, लेकिन मैंने खेला। उन्होंने कहा कि मैं ट्रायल में भाग नहीं लेना चाहती, लेकिन मैंने लिया... उन्होंने कहा कि मैं ओलंपिक में नहीं जा सकती, लेकिन मैं गई ...पर दुर्भाग्य से भगवान की कुछ और ही मर्जी थी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहती हैं कि जिन परिस्थितियों का उन्हें सामना करना पड़ा, वह दूसरे खिलाड़ियों को करना पड़े। उन्होंने कहा, ''मुझे अपने देश के लोगों की सेवा करने का मौका दिया गया है, यह एक नई पारी है। एक खिलाड़ी के रूप में हमने जो कुछ झेला, मैं नहीं चाहूंगी कि कोई अन्य खिलाड़ी इससे गुजरे।

हाथरस हादसाः एक ही अर्थी पर 16 शव, 17 की मौत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बीती शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में मारे गए लोगों में से 16 एक ही परिवार के थे, जिनमें 6 बच्चे भी शामिल थे। यह दुर्घटना इतना भीषण थी कि एक ही अर्थी पर 16 शव रखे गए, जिससे गांव में शोक और मातम छा गया। हादसा हाथरस के पास गांव मीतई में हुआ। जानकारी के अनुसार, मैक्स वाहन और रोडवेज बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में मैक्स पलटकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि सवारियां लगभग 20 फीट तक उछलकर इधर-उधर गिरीं। हादसे का मंजर बेहद खौफनाक था। प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना के बाद सड़क पर खून से सनी लाशें बिखरी पड़ी थीं, कई लोगों के सिर फटे हुए थे और बच्चे दर्द के मारे चीख रहे थे। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल था और बस का ड्राइवर व कंडक्टर मौके से फरार हो गए थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि हाथरस में हुई सड़क दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और घायलों

के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने इस दुर्घटना के शिकार हुए लोगों के परिवारों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। अलीगढ़ कमिश्नर चैत्रा वी ने मीडिया से बात करते हुए हादसे की संभावित वजहों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई भारी बारिश के कारण सड़क पर पानी, कीचड़ और फिसलन हो गई थी। इससे सड़क पर अत्यधिक फिसलन और खतरनाक स्थिति बन गई थी। इसके अलावा, तेज गति भी हादसे का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। दोनों वाहनों की तेज स्पीड और सड़क की फिसलन के कारण उनका बैलेंस बिगड़ गया, जिससे यह भीषण टक्कर हुई। हादसे का शिकार हुए लोग आगरा के सेमरा गांव के निवासी थे। वे हाथरस के सासनी गांव में एक रिश्तेदार के 40वें दिन के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। लौटते समय उनकी मैक्स को आगरा से अलीगढ़ जा रही जनरथ बस ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों के परिवारों और स्थानीय लोगों के बीच गहरा दुख और शोक है। पुलिस और प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय प्रशासन ने प्रभावित परिवारों की हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस हादसे ने क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को झकझोर कर रख दिया है, और अब सवाल उठ रहे हैं कि इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए और क्या उपाय किए जा सकते हैं।

जयराम रमेश बोले- 'भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए थी बड़ी 'बूस्टर खुराक

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई 'भारत जोड़ो यात्रा पार्टी के लिए एक 'बड़ी बूस्टर खुराक थी और इसने देश की राजनीति में बदलाव की शुरुआत की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई 'भारत जोड़ो यात्रा% की शुरुआत के आज दो साल पूरे हो गए। राहुल गांधी के नेतृत्व में 200 से अधिक 'भारत यात्रियों% ने 145 दिनों की अवधि में 12 राज्यों और दो केंद्र-शासित प्रदेशों से गुजरते हुए 4,000 किलोमीटर लंबी यात्रा पूरी की, जिनमें अधिकांश पैदल यात्री शामिल थे। उन्होंने कहा, '' इस यात्रा से अभूतपूर्व संपर्क और सामूहिकता की भावना पैदा हुई और यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए एक 'बड़ी बूस्टर खुराक थी। इसने हमारे देश की राजनीति में भी बदलाव की शुरुआत की। रमेश ने कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा की सफलता ने जनवरी-मार्च 2024 के दौरान मणिपुर से मुंबई तक 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया। राहुल ने सात सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से 'भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। उन्होंने 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में 145 दिन लंबी इस यात्रा का समापन किया था। यात्रा के दौरान

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 12 सार्वजनिक बैठकों, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाओं और 13 प्रेस वार्ताओं को संबोधित किया। 4,000 किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान वह समर्थकों से लेकर विरोधियों तक का ध्यान खींचने में कामयाब रहे थे।

बता दें कि 'भारत जोड़ो यात्रा में अलग-अलग क्षेत्र की हस्तियों ने हिस्सा लिया, जिनमें कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसे फिल्म एवं टीवी कलाकार शामिल थे। पूर्व सेना प्रमुख जनरल (सेवानिवृत्त) दीपक कपूर, पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन और पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम ने भी इस यात्रा में हिस्सा लिया था। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के आदित्य ठाकरे, प्रियंका चतुर्वेदी व संजय राउत तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) की सुप्रिया सुले जैसे विपक्षी नेता भी अलग-अलग पड़ाव पर इस यात्रा से जुड़े थे।

क्या केजरीवाल के जेल से काम करने पर कोई रोक हैः सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार से पूछा कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने पर रोक का कोई आदेश है? न्यायालय को बताया गया था कि पात्र दोषियों की सजा माफी से संबंधित फाइलों में उनके हस्ताक्षर नहीं हो पाने से देरी हो रही है। सजा माफी (रिमीशन) का मतलब किसी कैदी की सजा के एक हिस्से को रद्द करना या कम करना है। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 432 के तहत, राज्य सरकारें कैदी के आचरण, पुनर्वास, स्वास्थ्य और जेल में बिताए गए समय जैसे कारकों के आधार पर किसी दोषी की सजा का पूरा या आंशिक हिस्सा माफ कर सकती हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने एक दोषी की सजा को माफ करने में कथित देरी की उसकी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा, ''जेल से मुख्यमंत्री के काम करने पर क्या रोक का कोई आदेश है? हम यह पता लगाना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामलों पर असर पड़ेगा। उसने कहा, ''बहुत सारी फाइल वहां होंगी क्योंकि अदालत ने अनेक ऐसे आदेश पारित किए हैं जो मुख्यमंत्री से संबंधित हैं। क्या मुख्यमंत्री के ऐसी महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर कोई रोक है अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर निर्देश प्राप्त करेंगी और अदालत आएंगी। न्यायालय ने पहले के एक आदेश में दिल्ली सरकार को निर्देश दिया था कि दोषियों की सजा माफी के सवाल पर दो महीने के अंदर फैसला करें। हालांकि इस समयसीमा को जुलाई में एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया। केजरीवाल को कथित आबकारी नीति घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 जून को गिरफ्तार किया था।

अमित शाह जम्मू के पलौरा में चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 सितंबर से दो दिवसीय जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन अमित शाह शनिवार की सुबह 11 बजे जम्मू के पलौरा में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। शनिवार को वह बीजेपी कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद वह बीजेपी नेताओं और नागरिक समाज के प्रतिनिधिमंडलों के साथ भी महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। उधर, भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज उत्तर प्रदेश के गोरखपुर दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वह एक नए सैनिक स्कूल का उद्घाटन करेंगे। उपराष्ट्रपति धनखड़ स्वयं 1962 से 1967 तक चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल के छात्र थे। राजधानी रांची में आज बीजेपी की महत्वपूर्ण बैठक होगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा बैठक में शिरकत करेंगे। इसमें प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई भी बैठक में मौजूद रहेंगे। राजस्थान में अजमेर जिले में बाढ़ एवं अत्यधिक बारिश की संभावना को देखते हुए विद्यालयों में सात सितम्बर को अवकाश घोषित किया गया है। अजमेर के कार्यवाहक जिला मजिस्ट्रेट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने शुक्रवार को बताया कि मौसम विभाग द्वारा अजमेर जिले के लिए अत्यधिक बारिश एवं बाढ़ की संभावना की चेतावनी जारी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि भारत आतंकवाद समाप्त होने तक पाकिस्तान से बातचीत के पक्ष में नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ''बातचीत और बम एक साथ नहीं चल सकते। शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी करते हुए ये टिप्पणियां कीं। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के चंदपा कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार की शाम एक बस ने वैन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कम से कम चार बच्चे और चार महिलाओं समेत 15 लोगों की मौत हो गयी जबकि 13 अन्य घायल हो गए। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के रिहाइशी इलाके मोइरांग में शुक्रवार दोपहर संदिग्ध उग्रवादियों के बम हमले में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्व मुख्यमंत्री मैरेम्बम कोइरेंग के आवास के परिसर में यह रॉकेट गिरा। शुक्रवार को जिले में दागा गया यह दूसरा रॉकेट है।

राजस्थान में भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित

नई दिल्ली। राजस्थान के विभिन्न भागों में शनिवार सुबह से भारी बारिश हो रही है, जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और अजमेर में स्कूलों को बंद करने की घोषणा करनी पड़ी है।पिछले 24 घंटों में बांसवाड़ा के लोहारिया में सबसे अधिक 169 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा, अजमेर, करौली, कोटा, अलवर और जयपुर में भारी बारिश हुई। भारी बारिश के कारण प्रशासन ने शनिवार को अजमेर के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। पिछले 24 घंटों में यहां करीब 28 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जिसके कारण शहर के विभिन्न हिस्सों में जलभराव की खबरें आई हैं। पिछले 24 घंटों में करौली में 78 मिमी बारिश दर्ज की गई। अलवर में 36 मिमी जबकि जयपुर में 5 मिमी बारिश दर्ज की गई। कोटा में पिछले 24 घंटों में 11.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान के उत्तर-पूर्वी हिस्से पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है और बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इन सिस्टमों के प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक पूर्वी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शनिवार को उदयपुर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की

संभावना है। मौसम विभाग ने पांच जिलों जयपुर, जयपुर ग्रामीण, बूंदी, दौसा और अजमेर में 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया है। साथ ही भरतपुर, करौली, बारां, कोटा और झालावाड़ जैसे जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। शर्मा ने बताया कि 9 से 10 सितंबर तक मानसून की गतिविधियां कम हो जाएंगी। इस बीच, राजस्थान की राजधानी के विभिन्न हिस्सों में जलभराव दर्ज किया गया। शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम देखा गया। बीसलपुर के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के कारण शुक्रवार को बांध के 4 गेट खोले गए। शुक्रवार को भी अजमेर, भीलवाड़ा, जयपुर, दौसा और शेखावाटी जिलों समेत कई जगहों पर भारी बारिश हुई। राजधानी के कई इलाकों में शनिवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई तेज बारिश करीब 10 बजे तक जारी रही। कई इलाकों में यातायात भी प्रभावित हुआ है। वहीं, महारानी फार्म इलाके में द्रव्यवती नदी का पानी सड़कों पर भर गया है। जयपुर में खबर लिखे जाने तक सड़कों पर जलभराव के कारण धीमी गति से चलने वाले वाहनों की कतारें देखी गईं। यहां यह बताना जरूरी है कि राज्य में सामान्य से 55 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। राज्य में आमतौर पर 1 जून से 6 सितंबर तक 395 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार 615 मिमी बारिश हुई है। पूर्वी राजस्थान में सामान्य से 41 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी राजस्थान, जिसमें थार रेगिस्तान का एक हिस्सा भी शामिल है, में 81 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस सीजन में पश्चिमी राजस्थान में 255.9 मिमी के मुकाबले 462.3 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य मानसून से 81 प्रतिशत अधिक है। आश्चर्यजनक रूप से, दौसा ने इस सीजन में 123 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की, जो सामान्य 535.1 मिमी के मुकाबले 1191.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसी तरह, जैसलमेर ने इस सीजन में 160 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की, जो सामान्य 160.4 मिमी के मुकाबले 417.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सवाई माधोपुर ने सामान्य से 98 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की, जो सामान्य 539.5 मिमी के मुकाबले 1066.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। टोंक में भी सामान्य से 90 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई।

गणेश चतुर्थी को लेकर ली शांति समिति की बैठक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम जनों से लिए सुझाव लिए

दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर
पहलवान सिंह राजावत

मालनपुर/गणेश चतुर्थी पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में और गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरव कुमार के मार्गदर्शन में शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रहीं है द्यइसी क्रम में मालनपुर थाने के नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने थाना परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों के सुझाव लिए द्य बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार पर अगर किसी ने उत्पात एवं हुड़दंग मचाया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी द्य उन्होंने कहा कि अगर किसी ने सोशल मीडिया पर किसी जाति धर्म और समुदाय को लेकर टिप्पणी एवं सामाजिक उन्माद फैलाने की कोशिश की तो पुलिस कार्रवाई के लिए तैयार रहे ,उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की कि त्योहार को शांतिपूर्वक और भाई चेहरे के साथ मनाएं और शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का

सहयोग करें आगे थाना प्रभारी ने कहा कि हम आपकी सुरक्षा में तत्पर खड़े हैं पुलिस के दरवाजे आपके लिए हर संभव खुले हैं, किसी को भी कोई समस्या है वह खुलकर बताएं और भय मुक्त होकर रहें द्य क्षेत्र में गुंडे अपराधी बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी बस आप लोग पुलिस का सहयोग करें द्य आपके आसपास कोई भी गुंडा अपराधी छुपा बैठा है और अनैतिक कार्यों को अंजाम दे रहा है तो आप तत्काल मुझे जानकारी दें हम आपकी जानकारी गोपनीय रखेंगे आप हमारा साथ देंगे तो अपराधियों पर लगाम लग पाएगी द्य इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी से खुलकर बात की और अपने-अपने सुझाव दिए द्य बैठक में मौजूद राघवेंद्र शर्मा और विष्णु शर्मा ने क्षेत्र के कई प्वाइंटों पर पुलिस गस्त का सुझाव दिया ,थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस स्टाफ को क्षेत्र में ग्स्त करने और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए द्यबैठक में राघवेंद्र शर्मा,विष्णु दत्त शर्मा, विश्वनाथ सिंह गुर्जर सरपंच, शोहबत खान रिटायर शिक्षक, तहसीलदार सिंह बघेल सरपंच, राजेंद्र शर्मा, अभिलाष सिंह, दीपक किरार, हरेंद्र सिंह गुर्जर, परमाल सिंह तोमर इत्यादि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

रोजगार सृजन ग्राहक पंचायत का एक प्रमुख आयामः प्रियंका कुशवाहा, प्रांत प्रमुख

दैनिक पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। डॉ भगवत सहाय शासकीय महाविद्यालय ग्वालियर में गत दिवस स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस सेल, एन.जी.ओ.उन्नति फाउंडेशन,

स्वावलंबन भारत अभियान एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में महाविधालय परिवार व विद्यार्थियों हेतु जागरण,अभिप्रेरणा एवं अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं स्वामी विवेकानंद रोजगार योजना प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ विजय गंभीर ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया की इस संयुक्त कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार व उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित करना, विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण देते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं एवं साक्षात्कार हेतु तैयार करना तथा समाज में एक ग्राहक होने के नाते उचित व्यवहार अर्थात वस्तु व सेवाओं को प्राप्त करने की दृष्टि से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहकर ग्राहक हितैषी रीति नीति के लिए समाज में व्यवस्थागत परिवर्तन हेतु संगठित होने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर एस.के. इंडस्ट्रीज के संस्थापक प्रसिद्ध उद्योगपति श्री सुधीर भदोरिया जी ने स्वयं अपने जीवन संघर्ष को विद्यार्थियों से साझा करते हुए उन्हें प्रेरित किया तथा नोकरी की बजाय उद्योग स्थापित करने के लाभ गिनाए। स्वावलंबी भारत अभियान से आये श्री देवेश थापक व अजय जी ने स्वावलंबन की आवश्यकता बताते हुए इस हेतु संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के रोजगार सृजन आयाम की प्रांत संयोजक श्रीमती प्रियंका कुशवाह जी ने ग्राहक पंचायत के माध्यम से ग्राहकों की विजय के उदाहरणों को साझा करते हुए एक सशक्त समाज के निर्माण हेतु ग्राहक पंचायत के विविध आयामों में रोजगार सृजन के कार्य बताए! ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष डॉ विजय गंभीर ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित अध्यापकों के मध्य ग्राहकों के समक्ष आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु जागरूकता के बिंदुओं की चर्चा की एवं दोषपूर्ण ग्राहक नीतियों के विरुद्ध व्यवस्थागत परिवर्तन करने के लिए ग्राहक पंचायत जैसे संगठन से जुड़ने का आह्वान किया! महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर. के .श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहते हुए इस प्रकार के कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी करते हुए युवा शक्ति होने के नाते समाज में सक्रीय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया !

इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर गाइडेंस सेल द्वारा उन्नति फाउंडेशन के सहयोग से तीस दिवसीय व्यक्तित्व एवं कौशल विकास इंटर्नशिप कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए उन्नति फाउंडेशन के सेंटर मैनेजर एवं ट्रेनर श्री प्रशांत कुशवाहा ने 30 दिवस के अंदर विद्यार्थियों के लिए किए जाने वाले कार्यों का संक्षिप्त ब्यौरा रखा एवं उन्हें विश्वास दिलाया की इस 30 दिवस के निशुल्क कार्यक्रम के उपरांत यह विद्यार्थी महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से व्यक्तित्व एवं हर मायने में अलग दिखेंगे! उनके अनुसार इस ट्रेनिंग मे विद्यार्थियों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के विभिन्न आयामों के ऊपर सिद्धांत के साथ साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण देते हुए विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का प्रयत्न किया जाएगा और संस्था द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का प्रारंभ युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं उपस्थित अतिथिजन को ग्राहक पंचायत

के साहित्य वितरण से हुआ! अंत में डॉ त्रिलोचन भट्ट द्वारा अतिथियों व उपस्थित का आभार व्यक्त किया गया! इस अवसर पर लगभग 60 छात्र छात्राएं एवं प्राध्यापक उपस्थित रहे! उर्वशी,प्राक्षी, अंशु,खंगार, देवांशिका व अन्य विद्यार्थियों ने उपस्थित अतिथियों से संवाद भी किया एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया।

अपरवेदा बांध का रात्रि में खोला जाएगा एक गेट

निचले ईलाकों में सतर्कता बरतने के निर्देश
खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

07 सितंबर को अपरवेदा बांध का जलस्तर पूर्ण भराव क्षमता एफआरएल से 317 मीटर 0.30 मीटर कम 316.70 मीटर तक पहुंच गया है। बांध में जल स्तर सुरक्षित लेवल तक बनाए रखने के लिए बांध का 01 गेट 0.50 मीटर खोला जाना है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने नदी के किनारे के ग्रामों में सर्तकता बरतने के निर्देश जारी किये हैं। आम लोगों से भी अपील की गई है कि नदी, नालों के पुल-पुलियों पर पानी हो तो उसे पार न करें। अपरवेदा परियोजना भीकनगांव के सहायक यंत्री श्री शुभम दुबे ने बताया कि 07 सितंबर की रात्रि 08 बजे से मध्य रात्रि 03 बजे तक अपरवेदा बांध का गेट खोला जाएगा। जिससे लगभग 200 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। बांध में जल स्तर बड़ने पर और अधिक गेट खोलने की आवश्यकता भी पड़ सकती है। जल स्तर कम होने पर गेट को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा। अपरवेदा बांध का गेट खोलने से निचले क्षेत्र में पानी का बहाव तेजी से बड़ेगा। निचले क्षेत्र में बसे ग्रामों को सावधानी बरतने व अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

आयात निर्यात को खेती के अनुरूप बनाया जाएः कुशवाह

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

मिहोना। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मिहोना तहसीलदार देवेंद्र सिंह तोमर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में माध्यम से किसान नेताओं ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाने सहित आयात निर्यात को खेती के अनुरूप बनाने सहित कई बिंदुओं पर मांग रखी है। संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाह ने कहा सोयाबीन का समर्थन मूल्य प्रदेश में तुलना के अनुसार बेहद कम है। सोयाबीन पर 1200 रुपए का अनुदान किसानों को दिया जाए। ज्ञापन में उन्होंने कहा - बीज की प्रमाणिकता सत्यापित की ड़ जाए। साथ ही बाजार में बेचने के लिए उपलब्ध कराया जाए। - मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना एवं ज्ञापन देते किसान संघ के पदाधिकारी। बलराम तालाब योजना अविलंभ प्रारंभ की जाए। खेतों में लगे सागौन की कटाई परिवहन एवं चिराई के प्रतिबंध को हटाया जाए। सभी फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाए। ज्ञापन के दौरान संभागीय मंत्री रमेश बाबू चौधरी, जिला सह मंत्री प्रदीप पचौरीख, राम सिंह चौहान, शिवमंगल सिंह उर्फ भूरे, रामेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह सरपंच चुरुली, राजेश सिंह कुशवाह हीरापुर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

फर्जी डॉक्टर,फर्जी कम्पाउंडर पर कार्यवाही में देरी क्यों हो रही

क्या किसी मरीज की जान चली जायेगी,तब होगी कार्यवाही, पिता की आयुर्वेदिक डिग्री पर बेटा मरीजों का अंग्रेजी दवाओं से कर रहा फर्जी इलाज

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के संरक्षण में कई आयुर्वेदिक डॉक्टरों के क्लीनिकों पर फर्जी तरीके से मरीजों का ऐलोपैथिक पद्धिति

से इलाज करने में लगे हुए है, जबकि उनके पास किसी अंग्रेजी दवाओं से प्रेक्टिस करने की परमिशन भी नहीं है और ऐसे फर्जी डॉक्टरों की सीएमएचओ के पास शिकायत भी पहुंचती है,जिसके बावजूद भी किसी तरह की ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है,आखिर उनकी टीम फर्जी डॉक्टर व फर्जी कंपाउंडरों पर कार्यवाही करने का साहस क्यों नहीं जुटा पा रही है,कहीं उनकी टीम के द्वारा फर्जी डॉक्टरों के साथ सांठगांठ तो नहीं है, जैसा कि सभी ने देखा कि रौन क्षेत्र में एक क्लीनिक पर मरीज का इलाज बिगडने् की बजह से उसकी मौत हो गई थी,जिसके बाद उस क्लीनिक को आनन-फानन में सील किया गया । ऐसा ही एक फर्जी क्लीनिक शहर के वायपास रोड पर एक डॉ. पी के शर्मा का क्लीनिक सर्वेश मार्केट में संचालित हो रहा है, जिसमें डॉ. प्रमोद कुमार को आयुर्वेदिक दवाइयों से मरीजों का इलाज करने की अनुमति है,लेकिन वह लंबे समय से इस क्लीनिक पर नहीं पहुंचे है और उनकी जगह उनका लड़का शेखर शर्मा डॉक्टर बनकर अंग्रेजी दवाओं से भोले-भाले ग्रामीणों को लगातार उपचार देने में लगा हुआ है,जिसकी शिकायत सीएमएचओ के पास पहुंची,लेकिन उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की । फर्जी डॉक्टर द्वारा गलत इलाज व इंजेक्शन व बोतल से किसी मरीज की जान चली गई तो,उसके बाद सीएमएचओ ने अगर कार्यवाही भी की तो,तब बहुत तक देर हो जाएगी । वहीं सूत्रों से पता चला है,कि इस फर्जी डॉक्टर ने नेताओं की शरण ले ली है और उन्होंने भी आश्वासन दिया है,कि फर्जी क्लीनिक चलाओ जो होगा,हम देख लेगे। अब देखने वाली बात यह है कि आखिर कब तक यह फर्जी क्लीनिक संचालित होता है,कम से कम चिकित्सा से जुड़े

अफसरों को भगवान से डरना चाहिए,और चिकित्सा के क्षेत्र में कहीं भी गलत हो रहा है,उस पर तुरंत कठोर कार्यवाही करनी चाहिए।

डॉक्टर पीके शर्मा क्लीनिक पर वैसे तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है, लेकिन डॉ. प्रमोद कुमार के द्वारा इस क्लीनिक पर फर्जी डॉक्टर, फर्जी कंपांडर धड़ल्ले से मरीजों को इंजेक्शन लगा रहा है,बोतल लगा रहे है, इससे कहीं किसी मरीज की जान आफत में न पड़ जाये। यहां यह बात कहनी बहुत जरुरी है, कि खुलेआम अपराध वही कर सकता है,जिसे संरक्षण प्राप्त हो,अब सरंक्षण देने वाले क्या लेके संरक्षण दिये हुए हैं, यह जांच का विषय बन सकता है। मेडीकल विभाग के जिम्मेदारों ने आंखे मूंदकर सिद्ध कर दिया है,कि वह लापरवाह,कर्तव्यहीन अधिकारी कर्मचारी हैं । फिलहाल अभी तो उम्मीद की जा सकती है,कि यह अपनी आंखों की पट्टी खोलेगे और इस फर्जी डॉक्टर,कंपाउंडर के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। देखने वाली बात होगी कि स्थानीय प्रशासन इस अपराध को समय रहता बंद करवाता है या फिर यूं ही अनवृत मरीजों के साथ खिलवाड़ होने देता है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी शिवराम सिंह कुशवाह का पक्ष जानने के लिए कुछ पत्रकारों ने फोन लगाया तो उन्होंने उठाया नहीं। जबकि स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने व फर्जी डॉक्टर व क्लीनिक पर कार्यवाही करने की,जिम्मेदारी भी सीएमएचओ की है ।

बेटियां बुरी नियति वाले व्यक्ति के द्वारा दिये गए प्रलोभन में न आयेंः एसआई क्रांति राजपूत

गुड टच बेड टच को लेकर ग्राम जामपुरा में कार्यशाला सम्पन्न हुई

पंकज त्रिपाठी ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । मध्यप्रदेश के स्कूलों में आए दिन आ रहे बेड टच के मामले तथा कई जगह शिक्षक शराब पीकर स्कूल में आ जाते हैं इन सब घटनाओं को लेकर जरूरी हो जाता है,कि हमारी बेटियों में जागृति हो,आज प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समाजसेवी सुनील फौजी ने बताया कि जामपुरा गांव में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर क्रांति राजपूत ने बच्चियों को गुड टच बेड टच को लेकर बताया तथा उन्हें किसी भी बुरी नियति वाले व्यक्ति द्वारा टॉफी की लालच या अन्य कोई प्रलोभन देकर एकांत सुनसान जगह पर नहीं जाना चाहिए,हर एक घटना अपनी मां को बताए और मां के साथ हमारे पास बिना झिजक आ सकते हैं,शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अरविंद सिंह भदौरिया बीआरसी ने भी बच्चो को जानकारी दी,पत्रकार दिनेश सोनी पत्रकार अरविंद शर्मा दतावली ने भी बेटियों की सुरक्षा को लेकर जानकारी दी,कार्यक्रम का संचालन पत्रकार कुलदीप भदौरिया और शिक्षक कृष्णकांता मैडम ने किया, स्कूल के प्राचार्य एस एन तिवारी ने आभार प्रकट किया,इस अवसर पर ग्राम सरपंच उदय राजसिंह भदौरिया समाज सेवी जीतू भदौरिया वरिष्ठ पत्रकार भारत सिंह रावत, पत्रकार दिनेश सोनी, पत्रकार जितेंद्र यादव, पत्रकार प्रदीप राजावत, पत्रकार हसरत अली, पत्रकार एनके भटेले, पत्रकार रिंकी गर्ग, एडवोकेट आदित्य सिंह भदौरिया तथा शिक्षकगण सीताराम शर्मा, गजराज भदौरिया, महेश कुमार करैया, दीपा यादव, मनोज दुबे, अभिप्रकाश दोहरे, प्रवीण जोशी, रामेंद्र सिंह बघेल,प्रभात सिंह तथा भारी तादाद में स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोलंकी ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं में सुरक्षा के साथ-साथ आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या द्वारा 07 सितंबर को जिला चिकित्सालय खरगोन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय की साफ-सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों की उपस्थिति देखी गई। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के महिला स्टॉफ, सुरक्षा गार्ड एवं भर्ती मरीजों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा भी की।

86 रोगियों का उपचार कर निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाईयों वितरित की

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशन तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. वासुदेव आसलकर के मार्गदर्शन में 07 सितंबर को शासकीय आयुर्वेद औषधालय ठीबगांव बुजुर्ग द्वारा ग्राम ठीबगांव खुर्द की आंगनवाड़ी केंद्र में निःशुल्क राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा माह एवं जन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन को किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार सैते द्वारा शिविर में गर्भवती माताओं, बच्चों तथा अन्य ग्रामीण जन का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर कुपोषण से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान शिविर में सर्दी, खांसी, बुखार, हाथ-पैर दर्द, चर्म रोग, संधि रोग, स्त्री रोग तथा अन्य रोगों के 86 रोगियों का उपचार कर निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में औषधालय के कंपाउंडर मनीष वर्मा, दवासाज अनिल गिरि गोस्वामी एवं अंशकालिन स्वच्छक किशोर यादव द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में स्थानीय ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य ग्रामीण जन का सहयोग रहा।

कुंदा नदी में बहे युवक की तलाश जारी

नदी-नालों के पुल, पुलियों व रपटों पर पानी हो तो पार न करें
खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

06 सितंबर की रात्रि में खरगोन के ईस्लामपुरा और सुखपुरी के बीच कुंदा नदी के रपटे को पार करते समय बाईक सवार मेनगांव निवासी 17 वर्षीय युवक श्रीकृष्ण वर्मा नदी में बह गया है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा को जैसे ही इस घटना की सूचना मिली, उन्होंने तत्काल एसडीएम श्री भास्कर गाचले को एसडीआरएफ की टीम के साथ मौके पर रवाना कराया। नदी में बहे युवक की तलाश अभी जारी है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नदी-नालों के पुल-पुलियो एवं रपटों पर पानी हो तो उसे किसी भी स्थिति में पार करने का प्रयास न करें और अपनी जान जोखिम में ना डाले। अपनी सुरक्षा के लिए जब पानी उतर जाए तभी उसे पार करें।

संपादक की कलम से

भ्रष्टाचार रोकने को यूपी का रास्ता अपनाना होगा

आज आमजन भ्रष्टाचार पीड़ित है। ऐसा लगने लगा है कि कोई काम अब रिश्वत दिए बिना नही होता। भ्रष्टाचार देश की जड़ तक पहुच गया। सभी इससे परेशान हैं किंतु इसके रोकने के लिए कोई पहल नही कर रहा। ईमानदारी का चोला पहन कर राजनीति में आई आम आदमी पार्टी खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। आप के सर्वे सर्वा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं दिल्ली के शराब घोटाले में जेल में हैं।

भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने नई व्यवस्था की है। ये बहुत अच्छी व्यवस्था है हालाकि अभी इसमें बहुत कुछ करना होगा। उत्तर प्रदेश के इस माडल को पूरे देश को स्वीकारना होगा। भ्रष्टाचार करने वालों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश की कार्रवाई को अन्य प्रदेशों को अपने यहां लागू करना होगा, हालाकिं अभी उत्तर प्रदेश में शुरूआत है।इस आदेश के परिणाम आने में समय लगेगा।

अपराधियों और माफियाओं के विरूद्ध उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुलडोजर चलाया। उनके द्वारा खड़ी की गई अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। ये प्रयोग इतना सफल रहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध घटे। अपराधी प्रदेश छोड़कर भागने लगे।प्रदेश की कामयाबी देख अन्य कुछ राज्यों ने भी यही बुलडोजर की कार्रवाई को स्वीकारा। इसे अपने यहां लागू किया। स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों के बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक्शन की प्रशंसा की।

प्रदेश में भ्रषटाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक आदेश में राज्य के आईएएस, आईपीएस, पीपीएस, पीसीएस अफसरों की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों को भी ऑनलाइन संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया था। हालाकि शिक्षकों, निगम कर्मचारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों को अभी इसमें शामिल नहीं किया गया। सरकार ने इसके लिए समय सीमा निर्धारित करते हुएए इसके लिए आखिरी तारीख 31 अगस्त तय की गई थी। आदेश के बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ये काम नहीं किया। इस कारण सरकार ने इनकी सैलरी रोकने का आदेश किया दी।पहले खबर आई थी इनका प्रमोशन भी रोका जा रहा है। अब यूपी सरकार ने कर्मचारियों को एक महीने का और वक्त दिया है। ये सरकार की ओर से आखिरी अल्टीमेटम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मात्र 71 फीसदी कर्मचारियों ने ही अपनी चल और अचल संपत्ति की जानकारी अपलोड की है। 2,44,565 राज्य कर्मचारियों की संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाया।

उत्तर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों के प्रमुखों को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि सभी सरकारी कर्मचारी 31 अगस्त तक चल-अचल संपत्ति घोषित करें नहीं तो उनका प्रमोशन नहीं होगा। इसके साथ ही कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी भी नहीं आएगी। सरकारी कर्मियों को संपत्ति घोषित करने का निर्देश पहले भी दिया जा चुका है लेकिन संतोषजनक रिस्पांस नहीं मिलने पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है।

यूपी सरकार ने अब राज्य कर्मचारियों को एक महीने की छूट दी है और आदेश दिया है कि कर्मचारी दो अक्तूबर तक संपत्ति का ब्योरा दे सकेंगे। पहले ब्योरा न देने वालों कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी रोकने का आदेश दिया गया था।संपत्ति का ब्यौरा देने में टेक्सटाइल, सैनिक कल्याण, ऊर्जा, खेल, कृषि और महिला कल्याण विभाग के कार्मिक सबसे आगे रहे। जबकि, शिक्षा विभाग के कार्मिक अपनी संपत्ति को छिपाने में आगे हैं। इस लिहाज से सबसे फिसड्डी बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और राजस्व विभाग साबित हुए।

17 अगस्त को जब यह आदेश जारी हुआ था, तब 131748 यानी 15 फीसदी राज्य कर्मियों ने ही पोर्टल पर अपनी संपत्ति दर्ज की थी। 20-31 अगस्त के बीच यह बढ़कर 71 फीसदी हो गया। शासन के एक उच्चपदस्थ अधिकारी ने बताया कि संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। सभी विभागों को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।प्रदेश में कुल 846640 राज्य कर्मी हैं। इनमें से 602075 ने ही मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा दिया। विवरण दर्ज कराने के आदेश पर जीपी मुख्यालय ने नियुक्ति विभाग को पत्र भेजकर उनके कार्मिकों के लिए संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए कुछ और समय दिए जाने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि त्योहारों और पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण तमाम पुलिस कर्मी समय से अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे पाए। माना जा रहा है कि गृह विभाग के लिए यह तिथि बढ़ाई जा सकती है।शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का अगस्त माह का वेतन रोका गया, इसे तभी जारी किया जाएगा, जब वे संपत्ति का ब्यौरा दे देंगे। उनकी संपत्ति का ब्यौरा मिलने पर वेतन देने का फैसला संबंधित विभाग शासन से वार्ता के बाद ले सकेंगे। लगता है कि इसी पत्र के बाद विवरण दर्ज कराने के लिए एक माह का और समय दिया गया है।

आदेश सही है किंतु इसमें अभी सुधार करना होगा,भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए अभी उत्तर प्रदेश को बहुत कुछ करना होगा। कर्मचारियों के अपनी चल और अचल संपत्ति के मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराने से काम नही चलेगा।

भगवान गणेश को क्यों चढ़ाया जाता है मोदक, जानें इसके पीछे की वजह

नई दिल्ली। मोदक की बात करते ही सबसे पहला जिक्र आता है गणेशोत्सव का। हर साल भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी पर गणेश चतुर्थी को मनाया जाता है। 10 दिनों तक चलने वाले गणेशोत्सव की धूम भारत ही नहीं, दुनियाभर में देखने को मिलती है।

ऐसे में इस पर्व का जिक्र हो और मोदक की बात न हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है? गणेशोत्सव और मोदक ये दोनों ही एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। गणेशोत्सव के साथ ही मोदक की भी डिमांड बढ़ जाती है। घर हो या मिठाई की दुकान गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सिर्फ यही बनाए जाते हैं। हम आज आपको इसके पीछे की वजह बताएंगे कि आखिर भगवान गणेश को मोदक क्यों चढ़ाया जाता है।

मोदक एक लोकप्रिय भारतीय मिठाई है, जिसे चावल के आटे, खोये, और चीनी से बनाया जाता है। पुराणों के मुताबिक, मोदक को भगवान गणेश की पसंदीदा मिठाई माना जाता है। हालांकि, इसको लेकर भी अलग-अलग तथ्य हैं।

एक कथा देवी अनुसुइया और भगवान शिव से जुड़ी हुई है। पुराणों के अनुसार, देवी अनुसुइया ने भगवान शिव को अपने घर खाने के लिए आमंत्रित किया था। माता पार्वती और भगवान शिव के साथ गणपति, देवी अनुसुइया के घर गए। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले सोचा कि भगवान गणपति को खाना खिला दिया जाए। इसके बाद भगवान गणपति ने खाना शुरू किया। काफी देर बाद भी उनकी भूख मिट नहीं पाई।

हालांकि, जैसे ही देवी अनुसुइया ने गणपति को मोदक खिलाया तो तुरंत ही उनका पेट भर गया। इसके तुरंत बाद गणपति बप्पा ने एक डकार ली। तब से मोदक उनकी पसंदीदा मिठाई कही जाने लगी।

एक दूसरी कथा भगवान परशुराम से जुड़ी हुई है। पुराणों के मुताबिक, भगवान शिव से मिलने के लिए भगवान परशुराम आए थे। इस दौरान भगवान शिव सो रहे थे और गणेश जी बाहर पहरा दे रहे थे। तभी भगवान परशुराम को उन्होंने द्वार पर ही रोक दिया। इस बात से वह काफी क्रोधित हो उठे और उन्होंने भगवान गणपति के साथ युद्ध करना शुरू कर दिया। जब भगवान परशुराम ने बप्पा पर वार किया तो उनका एक दांत टूट गया। इस कारण उन्हें भोजन करने में परेशानी होने लगी। इसके बाद माता पार्वती ने उनकी इस समस्या को दूर करने के लिए एक रास्ता निकाला। उन्होंने भगवान गणेश के लिए मोदक बनाए, जो नरम और आसानी से खाने योग्य थे। इन्हें खाकर वह बहुत प्रसन्न हुए।

बताया जाता है कि तभी से यह व्यंजन उनका पसंदीदा हो गया।

मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

आज आमजन भ्रष्टाचार पीड़ित है। ऐसा लगने लगा है कि कोई काम अब रिश्वत दिए बिना नही होता। भ्रष्टाचार देश की जड़ तक पहुच गया। सभी इससे परेशान हैं किंतु इसके रोकने के लिए कोई पहल नही कर रहा। ईमानदारी का चोला पहन कर राजनीति में आई आम आदमी पार्टी खुद आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी है। आप के सर्वे सर्वा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वयं दिल्ली के शराब घोटाले में जेल में हैं।

भ्रष्टाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने नई व्यवस्था की है। ये बहुत अच्छी व्यवस्था है हालाकि अभी इसमें बहुत कुछ करना होगा। उत्तर प्रदेश के इस माडल को पूरे देश को स्वीकारना होगा। भ्रष्टाचार करने वालों के विरूद्ध उत्तर प्रदेश की कार्रवाई को अन्य प्रदेशों को अपने यहां लागू करना होगा, हालाकिं अभी उत्तर प्रदेश में शुरूआत है।इस आदेश के परिणाम आने में समय लगेगा।

अपराधियों और माफियाओं के विरूद्ध उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बुलडोजर चलाया। उनके द्वारा खड़ी की गई अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया। ये प्रयोग इतना सफल रहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध घटे। अपराधी प्रदेश छोड़कर भागने लगे।प्रदेश की कामयाबी देख अन्य कुछ राज्यों ने भी यही बुलडोजर की कार्रवाई को स्वीकारा। इसे अपने यहां लागू किया। स्वयं सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों के बुलडोजर एक्शन पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक्शन की प्रशंसा की।

प्रदेश में भ्रषटाचार रोकने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने एक आदेश में राज्य के आईएएस, आईपीएस, पीपीएस, पीसीएस अफसरों की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों को भी ऑनलाइन संपत्तियों का ब्यौरा देना अनिवार्य कर दिया है। सभी सरकारी कर्मचारियों को अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्यौरा ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया था। हालाकि शिक्षकों, निगम कर्मचारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारियों को अभी इसमें शामिल नहीं किया गया। सरकार ने इसके लिए समय सीमा निर्धारित करते हुएए इसके लिए आखिरी तारीख 31 अगस्त तय की गई थी। आदेश के बाद भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने ये काम नहीं किया। इस कारण सरकार ने इनकी सैलरी रोकने का आदेश किया दी।पहले खबर आई थी इनका प्रमोशन भी रोका जा रहा है। अब यूपी सरकार ने कर्मचारियों को एक महीने का और वक्त दिया है। ये सरकार की ओर से आखिरी अल्टीमेटम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मात्र 71 फीसदी कर्मचारियों ने ही अपनी चल और अचल संपत्ति की जानकारी अपलोड की है। 2,44,565 राज्य कर्मचारियों की संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाया।

उत्तर प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी ने सभी विभागों के प्रमुखों को पत्र लिखा था। पत्र में कहा गया था कि सभी सरकारी कर्मचारी 31 अगस्त तक चल-अचल संपत्ति घोषित करें नहीं तो उनका प्रमोशन नहीं होगा। इसके साथ ही कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी भी नहीं आएगी। सरकारी कर्मियों को संपत्ति घोषित करने का निर्देश पहले भी दिया जा चुका है लेकिन संतोषजनक रिस्पांस नहीं मिलने पर सरकार ने कड़ा फैसला लिया है।

यूपी सरकार ने अब राज्य कर्मचारियों को एक महीने की छूट दी है और आदेश दिया है कि कर्मचारी दो अक्तूबर तक संपत्ति का ब्योरा दे सकेंगे। पहले ब्योरा न देने वालों कर्मचारियों की अगस्त महीने की सैलरी रोकने का आदेश दिया गया था।संपत्ति का ब्यौरा देने में टेक्सटाइल, सैनिक कल्याण, ऊर्जा, खेल, कृषि और महिला कल्याण विभाग के कार्मिक सबसे आगे रहे। जबकि, शिक्षा विभाग के कार्मिक अपनी संपत्ति को छिपाने में आगे हैं। इस लिहाज से सबसे फिसड्डी बेसिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, औद्योगिक विकास और राजस्व विभाग साबित हुए।

17 अगस्त को जब यह आदेश जारी हुआ था, तब 131748 यानी 15 फीसदी राज्य कर्मियों ने ही पोर्टल पर अपनी संपत्ति दर्ज की थी। 20-31 अगस्त के बीच यह बढ़कर 71 फीसदी हो गया। शासन के एक उच्चपदस्थ अधिकारी ने बताया कि संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले कार्मिकों का वेतन रोकने का आदेश पहले ही दिया जा चुका है। सभी विभागों को इसका अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।प्रदेश में कुल 846640 राज्य कर्मी हैं। इनमें से 602075 ने ही मानव संपदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा दिया। विवरण दर्ज कराने के आदेश पर जीपी मुख्यालय ने नियुक्ति विभाग को पत्र भेजकर उनके कार्मिकों के लिए संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए कुछ और समय दिए जाने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि त्योहारों और पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण तमाम पुलिस कर्मी समय से अपनी संपत्ति का ब्यौरा नहीं दे पाए। माना जा रहा है कि गृह विभाग के लिए यह तिथि बढ़ाई जा सकती है।शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, जिन अधिकारियों-कर्मचारियों का अगस्त माह का वेतन रोका गया, इसे तभी जारी किया जाएगा, जब वे संपत्ति का ब्यौरा दे देंगे। उनकी संपत्ति का ब्यौरा मिलने पर वेतन देने का फैसला संबंधित विभाग शासन से वार्ता के बाद ले सकेंगे। लगता है कि इसी पत्र के बाद विवरण दर्ज कराने के लिए एक माह का और समय दिया गया है।

आदेश सही है किंतु इसमें अभी सुधार करना होगा,भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए अभी उत्तर प्रदेश को बहुत कुछ करना होगा। कर्मचारियों के अपनी चल और अचल संपत्ति के मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज कराने से काम नही चलेगा। इसके लिए उसके परिवार के सभी सदस्यों की संपत्ति का ब्योरा दर्ज कराना होगा। ये आदेश राज्य सभी सरकारी और अर्ध सरकारी कर्मचारियों पर लागू किया जानी चाहिए। वास्तव में यह कार्य सेवा में आने से पूर्व होना चाहिए।सेवा में आने के बाद शादी होने पर कर्मचारी अपनी पत्नी की प्रत्येक प्रकार की संपत्ति दर्ज कराए। बच्चे होने पर उनका विवरण दर्ज हो। इतना ही नही जन प्रतिनिधियों , जन सेवकों पर भी यह व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। आज हालत यह है कि देख गया है कि प्रधान या स्थानीय निकाय का चेयरमैन बनते ही उसके पास लंबी चौड़ी गाड़ी आ जाती है। यह तभी रूकेगी जब,उसके और उसके परिवार की चल अचल संपत्ति चुने जाते ही शपथ से पूर्व घोषित की जाए।विधायकों और विधान परिषद सदस्य,विभिन्न बोर्ड के पदाधिकारी और सदस्यों पर भी यह व्यवस्था लागू होनी चाहिए।

हरियाणा में भाजपा की बढ़ती परेशानियां

ऐसे में जब हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिये केवल एक माह का समय बचा हुआ है, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ चली हैं। 90 सीटों वाली विधानसभा में जैसे ही भाजपा ने अपने 67 उम्मीदवारों की सूची जारी की, कई नेताओं के इस्तीफों की झड़ी लग गयी। इनमें कुछ वर्तमान विधायक हैं, तो कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने टिकट न मिलने के कारण त्यागपत्र दे दिये हैं। पहले से कमजोर चल रही भाजपा को इनकी नाराजगी महंगी पड़ सकती है, खासकर कांग्रेस की बढ़ती ताकत के बरक्स। रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा तो दिया ही है, देश की सबसे अधिक धनी महिलाओं की सूची में कई मर्तबा शीर्ष पर रहने वाली सावित्री जिंदल ने हिसार विधानसभा सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर संगठन को मुश्किल में डाल दिया है। उधर दूसरी तरफ हरियाणा में कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने के लिये इच्छुक लोगों की लम्बी फेहरिस्त है। सम्भवतः यहां कांग्रेस का आम आदमी पार्टी से गठबन्धन हो सकता है। एक ओर इंडिया की मजबूती तो दूसरी तरफ भाजपा में मचा घमासान चौंकाने वाले नतीजे दे सकता है।

5 अक्टूबर को होने जा रहे मतदान के लिये भाजपा ने 9 विधायकों की टिकटें काटी हैं और खुद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा सीट से उतार दिया है जबकि वे करनाल के विधायक हैं। यह सीट कुरुक्षेत्र के अंतर्गत आती है जहां से सावित्री जिंदल के पुत्र नवीन जिंदल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और सांसद बने हैं। बड़ी बात नहीं कि खुद सैनी की राह वहां कठिन हो सकती है। पूर्व मंत्री करण देव कांबोज ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी के अलविदा कह दिया है। वे रादौर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ते रहे हैं परन्तु इस बार भाजपा ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) से केवल तीन दिन पहले आये श्याम सिंह राणा को उतार दिया है जिससे कांबोज नाराज हैं। इतना ही नहीं, मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने भी टिकट न मिलने के कारण पार्टी की सदस्यता छोड़ दी है। हालांकि सैनी को विश्वास है कि इन सभी को मना लिया जायेगा। वे सभी को पार्टी के मजबूत नेता मानते हैं। दूसरी तरफ सावित्री जिंदल ने तो साफ कह दिया है कि यह उनका आखिरी चुनाव है और वे कोई भाजपा की सदस्य भी नहीं हैं जो भाजपा नेतृत्व के हिसाब से चलेंगी। उन्होंने साफ किया कि वे जनता की इच्छा पर चुनाव लड़ने जा रही हैं।

भाजपा की परेशानी यह भी है कि वहां जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) से उसका गठबन्धन पहले ही टूट चुका है और वहां एनडीए जैसी कोई चीज रह ही नहीं गयी है। ऐसे में अगर टिकट बंटवारे को लेकर पहले से ही ऐसी भगदड़ मच गयी है तो उसके प्रदर्शन पर विपरीत असर पड़ना लाजिमी है। इसके विपरीत कांग्रेस पूरा प्रयास कर रही है कि उसका आप के साथ गठबन्धन हो जाये और इसके लिये वह उसके साथ सीटों के सम्मानजनक बंटवारे की कवायद में जुटी है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव से कांग्रेस ने यह सबक लिया है कि यथासम्भव गठबन्धन बनाए जाएं। मध्यप्रदेश में कमलनाथ ने अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी द्वारा गठबन्धन के प्रस्ताव को 'अखिलेश-वखिलेश' कहकर हवा में उड़ा दिया था। उससे भी सीख लेते हुए अब गठबन्धन के मसलों को खुद राहुल गांधी डील कर रहे हैं। बताया जाता है कि हरियाणा में साथ लड़ने का पैगाम राहुल ने एक अपने एक नजदीकी के हाथों भिजवाया है। कहा जा रहा है कि बात सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है।

कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री का अब तक कोई चेहरा घोषित न करना उसी रणनीति का एक हिस्सा कहा जा रहा है। यह नाम दोनों दलों के द्वारा सम्भवतः संयुक्त रूप से घोषित करने की मंशा हो। जम्मू-कश्मीर में भी देखें तो नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबन्धन को अंतिम रूप देने का काम राहुल गांधी एवं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ही किया है।

हरियाणा में कांग्रेस की भी बड़ी जंगी तैयारी बतलाई जा रही है। बुधवार को 34 सीटों पर चर्चा पूरी कर ली गयी थी, जिनमें से 32 सीटों के प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया। वहीं पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को भी चुनावी अखाड़े में उतारने का ऐलान कभी भी हो सकता है। यहां महिला पहलवानों तथा विनेश के साथ ओलिम्पिक में जो खेला हुआ उसे लेकर भी भाजपा के प्रति लोगों में बहुत क्रोध है। इसके अलावा किसानों द्वारा आंदोलन का जो दूसरा दौर चला है, उसका केन्द्र भी हरियाणा ही है। पहले आंदोलन के दौरान दिल्ली की तीनों सीमाओं (टिकरी, गाजीपुर और सिंघू) पर किसान डटे थे, इस बार उन्हें हरियाणा के शंभू में ही रोक दिया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य के कई गांवों में भाजपा प्रत्याशियों को प्रवेश करने से ही मनाही थी।

हरियाणा में ताजा हुई एक और घटना से भाजपा की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। फरीदाबाद के एक युवा आर्यन मिश्रा को भाजपा समर्थित गोरक्षकों ने गो तस्करी के शक में 23 अगस्त को गोली मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गयी। इसे लेकर वहां का सवर्ण तबका भी खासा नाराज है जिसका असर चुनावी परिणामों पर देखने का मिल सकता है। भाजपा से बड़े पैमाने पर नेताओं के त्यागपत्र. तो वहीं कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने की उत्सुकता हरियाणा के सियासी मौसम में बदलाव का संकेत है।

राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी मनाने के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते है।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है। इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षो बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे। 1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे -धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई।

1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना।

भगवान गणेश ने बिना रुके दस दिनों तक महाभारत लिखी। इस दौरान एक ही स्थान पर लगातार लेखन करने के कारण गणेश जी के शरीर पर धूल और मिट्टी जम गई थी। दसवें दिन गणेश जी ने सरस्वती नदी में स्नान करके शरीर पर जमी धूल और मिट्टी को साफ किया। तभी से गणेश उत्सव के दसवें दिन गणेश जी की मूर्ति का विसर्जन किया जाता है।

लोकमान्य तिलक ने जिस उद्देश्य को लेकर गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं।

पोषण माह-सितंबर 2024 का मुख्य संदेश जन-जन तक पहुंचे-महापौर श्रीमती शारदा सौलंकी

सहड़न का प्रयोग हर उम्र के व्यक्ति के लिये लाभदायक-जिला सीईओ, 'जिला स्तरीय पोषण माह-सितंबर 2024 का शुभारंभ'

मुरैना। प्रदेश सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास के माध्यम से पोषण माह सितंबर, 2024 संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचे तभी सरकार के पोषण को लेकर लक्ष्य पूर्ण हो सकते है। यह बात जिला स्तरीय पोषण माह के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती शारदा सौलंकी ने जिला पंचायत के सभागार में कहीं। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास की सभापति श्रीमती गिरिजा तिलक सिंह तोमर, मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री डीके सिद्वार्थ, जिला पंचायत सदस्य श्री वीरेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय, जिला टीकाकरण अधिकारी श्री अजय गोयल, जिला आयुष अधिकारी श्री सौरभ पुरवार, शिक्षा विभाग से श्री सक्सेना, न्यूट्रीशन इंटरनेशनल से श्री मिर्जा रफीक बेग एवं परियोजना अधिकारी मुरैना श्री मनीष सिंह सहित समस्त सीडीपीओ एवं सुपरवाईजर उपस्थित थीं।

महापौर श्रीमती शारदा सौलंकी ने कहा कि जिला स्तरीय पोषण माह की महिला बाल विकास द्वारा पोषण से संबंधित कार्यशाला एवं पोषण प्रदर्शनी लगाई गई है। यह अपने आप में अनुकरणीय पहल है। व्यक्ति को यदि स्वस्थ्य रहना है तो पौष्टिक आहार का सेवन अवश्य

करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 30 एवं 40 वर्ष पहले के व्यक्ति जिस क्षमता के साथ श्रम करते थे उतनी क्षमता के साथ आज के नौजवान श्रम नहीं कर सकते। हमें पोषण माह से पौष्टिक आहार का ज्ञान वर्धन प करना चाहिए। हम कम लागत में पूर्ण पौष्टिक आहार ले सकें तभी अधिक उम्र तक स्वस्थ्य जीवन जी सकेंगे। इसी के चलते इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमें शुद्ध जल, शुद्ध फल एवं शुद्ध भोजन ग्रहण करना चाहिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले सहजन के प्रयोग के लाभ सभी उपस्थित महिलाओं को बताए। सहजना के पेड़ से प्राप्त होने वाली पत्ती, फूल एवं सहजना की फली मनुष्य के लिए गुणकारी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का संदेश जन-जन तक पहुंचे तभी इस पोषण माह की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला जिला, विकास खंड स्तर पर भी कराई जा रही है, ताकि अंतिम लोगों तक पोषण का संदेश पहुंच सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयुक्त संचालक श्री डी.के. सिद्धार्थ और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने स्वागत भाषण एवं पोषण माह कार्यशाला एवं प्रदर्शनी पर प्रकाश डाला तथा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यशाला में अंतरा फाउण्डेशन द्वारा प्रजेन्टेशन के माध्यम से पोषण माह 2024 पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बनाये हुये व्यंजनों का स्वाद भी चखा जिसकी उन्होंने प्रशंसा की।

नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर, शनिवार को, मिलेगी छूट

मुरैना। बिजली कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व धारा 138 के तहत प्रकरण बनाकर विशेष न्यायालयों (विद्युत अधिनियम) में पंजीबद्ध किये गये है। जिनमें धारा 135 के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 05 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 किलोवाट अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं के प्रकरणों में प्री-लिटीगेशन स्तर पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन स्तर पर 20 प्रतिशत तथा आंकलित सिविल दायित्व की राशि व ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी। यह छूट आंकलित सिविल दायित्व राशि 50 हजार रूपये तक के प्रकरणों के लिये सीमित रहेगी। नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर 2024 (शनिवार) को आयोजित होगी। बिजली कंपनी मुरैना के महाप्रबंधक श्री व्ही.एस. दांगी ने बताया कि ऐसे प्रकरणों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में संबद्ध उपभोक्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है, जिससे वे विद्युत राशि में मिलने वाली छूट का लाभ ले सकें।

एमपी पोर्टल के माध्यम से शालाओं का अवलोकन करने लक्ष्य निर्धारित है, निरीक्षण रिपोर्ट डीईओ टीएल में जल्द प्रस्तुत करें - कलेक्टर

मुरैना। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में निपुण भारत मिशन की समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि मुरैना जिले में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शिक्षा एमपी पोर्टल के माध्यम से शालाओं का अवलोकन के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है, परंतु जिले के शिक्षा विभाग से संबंधित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर ने नाराड़गी जताते हुए सख्त

निर्देश दिए कि सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने भ्रमण लक्ष्य को इस माह में एवं आगामी माह में अवश्य पूर्ण करें। इसकी समीक्षा प्रत्येक टीएल बैठक में की जायेगी। सभी अपना भ्रमण पूर्व में निर्धारित कर उसे समय से पूर्ण करें। एफएलएन पड़ाने वाले शिक्षकों के प्रशिक्षणों की गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें, जो राज्य के निर्देश हो, उन्हें बीआरसी अवश्यरुप से पूर्ण करें। इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर अन्य विभागीय संसाधनों का उपयोग करें। कलेक्टर ने समस्त बीआरसी को निर्देश दिये कि निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण का कार्य ऑनलाइन न होने की वजह से कार्य काड़ी लंबित है, इसे जल्द पूर्ण कराकर लंबित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि सभी बीआरसी जिला समीक्षा बैठक में आने से पूर्व राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा उपलब्ध कराएं गए पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने खण्ड की बैठक को पूर्ण करें और सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करके ही बैठक में आएं। बीपीएमयू बैठक के लिए राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशों का अवश्य पालन करें। बैठक में निपुण प्रोफेशनल (राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल) के दुर्गेश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक, डीपीसी श्री हरीश तिवारी सहित समस्त बीईओ, बीआरसी उपस्थित थे।

स्व-निधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत निकायों में किया जा रहा शिविरों का आयोजन

मुरैना। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के अंतर्गत शहरी पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरो के परिवारों को भारत सरकार की आठ जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर जिले के सभी नगरी निकायों द्वारा योजना के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है। इन योजनाओं में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, पीएम श्रम योगी मानधन, जननी सुरक्षा, प्रधानमंत्री जनधन, वन नेशन वन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, स्ट्रीट वेंडरों के परिवारों को दिया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक श्री रहीम चौहान ने बताया कि योजना के अंतर्गत शहर के ऐसे स्ट्रीट वेंडर जिनका पंजीयन स्व-निधि योजना के तहत किया गया है और उन्हें योजना का लाभ मिला है। ऐसे पथ विक्रेताओं को भारत सरकार की आठ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ विशेष शिविरों के माध्यम से जिले के सभी नगरीय निकाय द्वारा दिया जा रहा है।

आने वाले त्यौहारों को शांति, भाईचारे के साथ मनायें

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

मुरैना। 07 से 14 सितम्बर तक गणेश उत्सव, 14 सितम्बर को डोलग्यारस, 16

सितम्बर को मिलाद-उन-नवी, 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक नवदुर्गा, 12 अक्टूबर को विजयदशमी और 31 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार सभी शांति और भाईचारे के साथ मनाये। यह बात अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ठाकुर ने जिला शांति समिति की बैठक में सभी सदस्यों से कही। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार, नगर निगम, स्वास्थ्य, तहसीलदार सहित जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अरविन्द ठाकुर ने कहा कि जिले में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाही होगी। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्यों ने जो सुझाव दिये है, उन पर प्रशासन और पुलिस अमल करेगा। शांति समिति के सदस्यों से अपेक्षा है कि वे भी इन त्यौहारों में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में सभी शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिये, जिनको अधिकारियों ने नोट किया है, जिस पर अमल किया जायेगा।

पोषण माह सितम्बर 2024 के संबंध में पत्रकार वार्ता सम्पन्न

मुरैना। भारत सरकार व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में पोषण माह सितम्बर 2024 में मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री डीके सिद्धार्थ एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय की उपस्थिति में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ जिला पंचायत के सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये संयुक्त संचालक श्री डीके सिद्धार्थ ने कहा कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भावस्था में महिलाओं को पोष्टिक आहार अवश्य खिलायें, जिससे मां-बच्चा दोंनो स्वस्थ्य रहें, जिससे बच्चे को कभी भी शारीरिक, मानसिक कमजोरी का सामना न करना पड़ेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती उपासना राय ने कहा कि हर उम्र के व्यक्ति को पोष्टिक आहार लेना जरूरी है,महिलायों एवं बच्चों के विकास के लिए एवं देश के भविष्य के लिए माँ एवं बच्चा दोनों ही पोष्टिक आहार लेंगे तो वह स्वस्थ्य रहेंगे, यही सरकार का लक्ष्य हैं।उन्होंने सहजन जैसे औषधिय पौधों के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि सहजन की पत्ती, फूल और फली से भी पोष्टिक आहार मिल सकता है। हर व्यक्ति को सहजन का पेड़ लगाना चाहिये, बच्चे, बुजुर्ग या जवान सहजन की पत्ती, फली का उपयोग करते है तो वह व्यक्ति कुपोषण का शिकार नहीं होगा एवं उसके शरीर के आवश्यकता अनुसार ड़रूरी पोषकतत्वों की कमी पूर्ण होती हैं।सभी सोशल मीडिया इंफ्ल्यूएंसर एवं पत्रकारगण इस अभियान का प्रचार - प्रसार कर इसे सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

समस्त वाहन संचालक, चालक वाहन के वैध दस्तावेज पूर्ण होने पर ही संचालन किया जाये

मुरैना। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में मुरैना जिले में संचालित स्कूल, यात्री वाहनों की चैकिंग कार्यवाही के अन्तर्गत शिकारपुर फाटक, किशनपुर एवं थाना माता बसैया क्षेत्र में चैकिंग प्वाइंट लगाया गया। जिसमें क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार, परिवहन आरक्षक श्री जितेन्द्र तोमर, परिवहन आरक्षक श्री भानू प्रताप सिकरवार, होमगार्ड सैनिक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। संयुक्त चैकिंग अभियान मे 42 से अधिक वाहनों को चैक किया गया, जिसमें मोटरयान अधिनियम की धारा का उल्लंघन करने पर 17 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 57 हजार 500 रूपये का राजस्व वसूला गया। स्कूल वाहन क्रमांक एमपी-06-टीए-1152, एमपी-07-टीए-0773, एमपी-06-टीए-0624 और एमपी-07-पी-0527 को मोटरयान नियमों के विरूद्ध संचालन पाये जाने पर जप्त कर थाना माता बसैया में सुरक्षार्थ रखा गया है। समस्त वाहन संचालकों, चालको को सूचित किया है कि वाहन के वैध दस्तावेज पूर्ण होने पर ही वाहन का संचालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये। जिससे चैकिंग के दौरान होने वाली असुविधा से बचा जा सकें। स्कूल वाहन में उपयोग के लिये वाहन का स्कूल श्रेणी मे पंजीकृत, अनुबंध होना आवश्यक है। वाहन का बैध परमिट होना चाहियें। वाहन का वैध फिटनेस होना चाहियें। वाहन का वैध प्रदूषण प्रमाणपत्र होना चाहियें। चालक, परिचालक का व्यवसायिक लायसेंस वैध होना चाहिये। वाहन का वैध बीमा होना चाहियें। वाहन में रिफ्लेक्टर टेप, व्हीएलटीडी डिवाईस, जीपीएस, कैमरा, चालू हालात में होना चाहियें।

वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रावत आज मुरैना जिले के भ्रमण पर रहेंगे

मुरैना। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत आज 6 सितंबर को दोपहर 2 बजे विजयपुर से कैलारस जिला मुरैना के लिए प्रस्थान करेंगे एवं दोपहर 3 बजे कैलारस में श्री केशव प्रसाद, श्री राजेंद्र प्रसाद के यहां निजी कार्यक्रम होटल राधिका पैलेस कैलारस में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री रावत 6 सितंबर को दोपहर 3.30 बजे कैलारस से चनोटा (सबलगड़) के लिए प्रस्थान करेंगे शाम 4 बजे चिनौटा में स्थानीय कार्यक्रम उपरांत सांय 4.15 बजे चनोटा से विजयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 5 बजें विजयपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंग तथा रात्रि विश्राम करेंगे।

मुश्किल वक्त में हिना खान का बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल ने छोड़ा साथ? कहा - लोग इस्तेमाल करते हैं

छोटे पर्दे की मशहूर और हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में से एक हिना खान अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं. हिना पिछले कुछ महीनों से ब्रेस्ट कैंसर का डटकर सामना करती हुई नजर आ रही हैं. मुश्किल दौर में भी एक्ट्रेस अपने पोस्ट के जरिए लोगों को मोटीवेट कर रही हैं. इस दौरान उन्हें इमोशनल और फिजिकल तौर पर काफी दर्द से भी गुजरना पड़ रहा है. हिना खान की कीमोथेरेपी लगातार जारी है, जिसके साइड इफेक्ट्स के बारे में भी एक्ट्रेस जानकारी देती रहती हैं. लेकिन इसी बीच सोशल मीडिया पर हिना खान के एक पोस्ट ने लोगों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए हैं.एक तरफ जहां परिवार और फैन्स से लेकर सब हिना खान के जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं, वहीं माना जा रहा है कि हिना और उनके बॉयफ्रेंड रॉकी जैसवाल का ब्रेकअप हो गया है. फैन्स हिना के पोस्ट से अंदाजा लगा है कि इतने मुश्किल दौर में रॉकी ने हिना से अपना रिश्ता खत्म कर दिया है. हिना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर एक वीडियो शेयर की है, जिसपर उन्होंने लिखा है कि अगर मैंने जिंदगी में कुछ सीखा है तो वो ये है की प्यार करने वाले लोग आपको कभी छोड़कर नहीं जाते. जो लोग छोड़ते हैं वो किसी का इस्तेमाल कर रहे होते हैं.

हिना के पोस्ट ने लोगों का खींचा ध्यान

हिना के इस पोस्ट को लेकर यूजर्स इस बात पर गौर करने पर मजबूर हो गए हैं कि क्या वो रॉकी के लिए ये सब लिख रही हैं. हालांकि हिना ने न तो किसी का न नाम लिया है और न ही अपने ब्रेकअप को लेकर कोई जिक्र किया है. जबसे हिना को ब्रेस्ट कैंसर हुआ है, उन्हें और रॉकी को एक भी बार साथ नहीं देखा गया है. लेकिन अभी तक हिना और रॉकी की तरफ से ब्रेकअप की खबरों पर किसी भी तरह का रिएक्शन सामने नहीं आया है.

पहले भी आ चुकी है ब्रेकअप की खबरें

इतना ही नहीं ये पहली बार नहीं है, जब इन कपल के अलग होने की खबर सामने आई हो. इससे पहले भी दोनों को लेकर कई तरह की अफवाह उड़ चुकी है. इस खबर को अफवाह इसलिए भी कहा जा सकता है कि क्योंकि रॉकी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर हिना खान की तस्वीरें मौजूद हैं. रॉकी ने 14 जुलाई को हिना की कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए उनपर प्यार लुटाया था. तस्वीरों में हिना का आफ्टर कैंसर वाला लुक देखा जा सकता है.हिना खान और रॉकी जैसवाल ने बिग बॉस के घर में अपने रिश्ते को सभी के सामने ओपन किया था. फैमली वीक में जब रॉकी हिना से मिलने पहुंचे थे, तो एक्ट्रेस काफी फूट-फूटकर रोईं थी. इस जोड़ी के बीच का रिश्ता तब सैकड़ों कैमरों में कैद हुआ और बिग बॉस देखने वाले दर्शकों के घर-घर तक पहुंचा. इतना ही नहीं रॉकी ने बिग बॉस के घर में हिना खान को शादी के लिए प्रपोज भी किया था. वो बात अलग है कि आज तक दोनों ने शादी नहीं की है.

क्या सलमान खान के बॉडीगार्ड ने विकी कौशल को मारा था धक्का? शेरा ने बताया सच

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान का 2023 में एक अवॉर्ड फंक्शन का वीडियो वायरल हुआ था. वीडियो में ऐसा दिख रहा था कि अवॉर्ड फंक्शन में विकी अपने फैन्स के साथ फोटो खिंचवा रहे होते हैं तभी सलमान वहां से निकलते हैं. इस दौरान उनके बॉडीगार्ड शेरा विकी को धक्का देते हुए निकल जाते हैं. वीडियो देखने के बाद विकी के फैन्स काफी नाराज थे. वहीं सलमान के फैन्स कमेंट कर रहे थे कि 'जब टाइगर आता है तो रास्ता खाली करना पड़ता है, फिर चाहे वो कोई भी हो.' हालांकि अब खुद शेरा ने वायरल हो रहे वीडियो का सच बताया है.सलमान के बॉडीगार्ड शेरा ने दावा किया,ऐसा कुछ नहीं था, कि मैंने उन्हें धक्का मारा हो बल्कि सोशल मीडिया पर बनाया गया था. उन्होंने वायरल हो रहे वीडियो का सच बताते हुए कहा, मैंने विकी कौशल को धक्का नहीं दिया था. इसके साथ ही शेरा ने जूम से बातचीत में सलमान के साथ अपने रिश्ते और उनके साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी बात की.

शेरा ने बताई सच्चाई

शेरा ने कहा कि वह इसमें शामिल भी नहीं थे. उन्होंने बताया, हमारे साथ दूसरा लड़का आया था लेकिन उसने भी ऐसा कुछ नहीं किया था. सलमान भाई और विकी कौशल दोनों अच्छे दोस्त हैं. इवेंट के दौरान दोनों की बातचीत भी हुई थी. ऐसे में जैसी अफवाह उड़ रही है वैसा कुछ भी नहीं है. वायरल हुए वीडियो पर कुछ दिन पहले विकी कौशल ने भी रिएक्शन दिया था. विकी ने कहा था कि कई बार जो दिखता है वैसा नहीं होता है. लोग कई बार छोटी बातों को बहुत बड़ा बना देते हैं.

कब सलमान करेंगे शादी ?

इस इंटरव्यू में शेरा ने ये भी खुलासा किया कि सलमान कब तक सिंगल हैं. उन्होंने मजाक में कहा, मैं उन्हें किसी के करीब नहीं आने देता. इस वजह से भाई सिंगल हैं. शेरा ने कहा, मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता. भाई का जब दिल करेगा शादी करने का, वो कर लेंगे.

बातों को दिया अफवाह करार

सलमान खान का कई एक्ट्रेस के साथ नाम जुड़ चुका है. इस लिस्ट में कटरीना कैफ का नाम भी शामिल है.

ऐसा क्या कह गईं समांथा, जो उर्फी जावेद बोलीं - मैं पूरी रात रोने वाली हूं

उर्फी जावेद के साथ-साथ उनके पूरे परिवार ने अमेजन प्राइम वीडियो की रियलिटी वेब सीरीज 'फॉलो कर लो यार' से ओटीटी की दुनिया में अपना डेब्यू किया है. इस सीरीज में उर्फी की मां, उनके भाई के साथ उनकी तीन बहनें, उनके मैनेजर और उनकी डिजाइनर सभी को शामिल किया गया है. कुछ लोग उर्फी की इस सीरीज को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ इस सीरीज को 'किम कार्दशियन के शो की कॉपी' कह रहे हैं. लेकिन हाल ही में साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस समांथा ने उर्फी के शो के बारे में एक दिलचस्प पोस्ट शेयर की है.पने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हमेशा एक्टिव रहने वाली समांथा ने अपनी स्टोरी पर उर्फी के शो का स्क्रीनशॉट शेयर किया है. इस स्क्रीनशॉट के साथ उन्होंने लिखा है कि अपनी सच्चाई, दुनिया के सामने खुली किताब की तरह दिखाना आसान नहीं है. ये करने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए. इस तरह से जब आप अपनी जिंदगी दुनिया के सामने पेश करते हो, तो लोग आपको जज करते हैं, आपको ट्रोल करते हैं. लेकिन ये एक रिस्क है और अगर आप लकी हो, तो आपके इस प्रयास की लोग सराहना भी करते हैं. मैं आपकी इस कोशिश का सम्मान करती हूं. मैं तो कहूंगी कि ये तो बस शुरुआत है. आप ऐसे ही आगे बढ़ते रहिए.

उर्फी ने दिया जवाब

समांथा की तारीफ उर्फी के लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं है. उनकी स्टोरी को अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर शेयर करते हुए उर्फी ने लिखा, अब तो मुझे लग रहा है कि मैं पूरी रात रोने वाली हूं. समांथा, मैं आपकी तरह की कमाल महिला को अपनी जिंदगी में नहीं मिली. वैसे ये पहली बार नहीं है, जब समांथा ने उर्फी की तारीफ की हो. इससे पहले भी जब भी उर्फी का कोई वीडियो, उनका स्टेटमेंट या उनकी बातें समांथा को पसंद आती हैं, तब वो उर्फी को अपनी स्टोरी में शाउटआउट देती रहती हैं. समांथा के साथ इस खास कनेक्शन को उर्फी 'इंस्टाग्राम की दोस्ती' कहती हैं.

दोनों एक ही OTT के लिए करते हैं काम

समांथा ने प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'फैमिली मैन 2' से ओटीटी पर अपना डेब्यू किया था और अब उर्फी ने भी उसी प्लेटफार्म से अपने ओटीटी करियर की शुरुआत की है. कई बार एक ही प्लेटफार्म के लिए काम करने वाले एक्टर्स को एक दूसरे के प्रोजेक्ट का क्रॉस प्रमोशन भी करना पड़ता है. कई बार ये बातें पीआर स्ट्रैटेजी का हिस्सा होती हैं. लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि समांथा उर्फी को पसंद नहीं करतीं. अब उर्फी और समांथा के बीच का 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ये तो वही जानती हैं. लेकिन उर्फी की सीरीज के बाद जल्द समांथा की दूसरी सीरीज भी प्राइम वीडियो पर लॉन्च होने जा रही है.

वामिका-अकाय के लिए 'परफेक्ट पेरेंट्स ' नहीं हैं अनुष्का और विराट, क्यों कही एक्ट्रेस ने ऐसी बात?

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा कई महीनों बाद लंदन से वापस भारत आई हैं. अनुष्का 4 सितंबर सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं. हालांकि इस दौरान उनके साथ विराट और बच्चे नहीं दिखाई दिए. भारत लौटने के बाद उन्होंने मुंबई में एक इवेंट अटेंड किया. इवेंट में उन्होंने परिवार से जुड़ी कई बातों का खुलासा किया. उन्होंने विराट और खुद के पेरेंटिंग चैलेंज के बारे में खुलकर बात की. एक्ट्रेस ने कहा कि हम पर परफेक्ट पेरेंट बनने का बहुत दबाव होता है, लेकिन हम परफेक्ट पेरेंट नहीं हैं.इवेंट में अनुष्का ने कहा कि हमें बच्चों के सामने अपनी गलती मान लेनी चाहिए, इससे चीजें आसान हो जाती हैं. इसके अलावा एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि मां बनने के बाद उन्होंने अपनी लाइफ में क्या-क्या बदलाव किए हैं. एक्ट्रेस ने कहा, मेरी बेटी बहुत छोटी है, इस वजह से कभी कभी उसे कुछ सिखाना बहुत मुश्किल हो जाता है. ऐसे में हमें उसे कुछ सिखाने के लिए खुद भी वैसा ही करना होता है जैसा हम सिखाना चाह रहे हैं.

कैसे बनेगा बच्चा अच्छा इंसान ?

अनुष्का ने इवेंट में अपनी बात को समझाते हुए कहा कि अगर आपको अपने बच्चे को कुछ सिखाना है तो आपको भी वैसा ही बनना पड़ेगा. बच्चा आपको ही देखकर सीखता है. ऐसे में बच्चों के लिए आप खुद को बदलिए और अपने बच्चे का बचपन जिएं, इससे वो एक अच्छा इंसान बन जाएगा. अनुष्का ने अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने की कोशिश के बारे में भी बात की. उन्होंने कहा कि वह और विराट बच्चों को सिखाने की बजाय, उनके सामने खुद उदाहरण पेश करने की कोशिश करते हैं. उन्होंने बताया, बच्चों को कुछ भी प्यार से सिखाना चाहिए. अगर बच्चे किसी को डिस-रिस्पेक्ट कर रहे हैं तो हमें उन्हें आराम से समझाना चाहिए, क्योंकि वो सिर्फ बच्चे हैं.

खुद बनाते हैं खाना

इंवेंट में अनुष्का ने ये भी बताया कि वो और विराट अपने बच्चों के लिए खुद ही खाना बनाते हैं. एक्ट्रेस ने कहा कि अगर हम अपनी मां के खाने की रेसिपी को घर पर नहीं बनाएंगे, तो हमारे बच्चों को इसके बारे में कभी पता नहीं चल पाएगा. ऐसे में बच्चों को मां की रेसिपी बताने के लिए कभी मैं तो कभी मेरे पति खाना बनाते हैं.

2017 में की थी शादी

वर्कफ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा आखिरी बार बतौर लीड 2018 में आई फिल्म 'जीरो' में दिखी थीं. इसके बाद अब वो 'चकदा एक्सप्रेस में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली से शादी की थी. शादी के 4 साल बाद दोनों ने 2021 में अपनी बेटी वामिका का दुनिया में स्वागत किया था. वहीं इस साल कपल ने फरवरी में बेटे अकाय का वेलकम किया. अकाय के जन्म के बाद से ऐसी बातें चल रही हैं कि अनुष्का और विराट लंदन में शिफ्ट हो सकते हैं, लेकिन कपल की तरफ से कुछ कंफर्म नहीं है. बेटे अकाय के जन्म के बाद दूसरी बार भारत आई हैं. इससे पहले वो मई में आईपीएल के लिए भारत आई थीं.जून में विराट कोहली मुंबई में टी20 वर्ल्ड कप जीत का जश्न मनाने के तुरंत बाद अपने परिवार के पास लंदन चले गए थे, जिसके बाद से वो अभी तक वापस नहीं आए हैं. हालांकि सितंबर में भारत को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है, जिसमें टीम के सभी सीनियर खिलाड़ी खेलते हुए नजर आ सकते हैं. ऐसे में इस सीरीज के लिए विराट कोहली के भारत आने की उम्मीद है.

डबल मर्डर केस में

5 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अल्टो कार, मोटरसायकिल, दो लाइसेंसी रायफल जप्त

दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार

शिवपुरी> जिले की पिछोर पुलिस की बडी कार्यवाही हुई हैं. पुलिस ने डबल मर्डर केस में 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अल्टो कार, एक मोटर साईकिल व दो लाईसेंसी रायफल एंव अदिया बरामद की हैं। बता दें की 1 सितंबर को कृषी उपज मण्डी पिछोर में आरोपीगण सागर घावरी पुत्र शेर सिंह घावरी, अमर घावरी पुत्र जगदीश घावरी, संतोष घावरी पुत्र लालाराम घावरी, मनीष घावरी पुत्र कल्लू घावरी, सौरभ घावरी पुत्र कल्लू घावरी, राजेन्द्र उर्फ छोटा कल्ला पुत्र शिवकुमार घावरी, कल्लू पुत्र मन्नूलाल घावरी व शेर सिंह पुत्र भट्टू घावरी ने एक राय होकर फायर कर दो सगे भाई विजय घावरी व अजय घावरी की हत्या कर दी थी तथा मलखान घावरी एवं लाखन घावरी को घायल कर दिया. पवन घावरी पुत्र सीताराम घावरी निवासी पुरानी गल्ला मंडी बड़ा बाजार पिछोर की रिपोर्ट पर थाना पिछोर में अपराध क्रमांक 419/24 धारा 103(1), 109, 115(2), 296, 191(2), 191(3), 190, 351(3), 125 बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

पिछोर थाना प्रभारी रत्नेश सिंह यादव को 6 सितंबर को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अपराध के आरोपी

अमर घावरी, सौरभ घावरी, संतोष घावरी, सागर घावरी, मनीष घावरी एक सफेद रंग की अल्टो क्रमांक स्क्क33ष्ट5471 से खनियाधाना तरफ से दविया कलाँ वाले रास्ते नया चौराहा से होते हुए झांसी तरफ भाग निकलने वाले है उक्त सूचना पर थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक रत्नेश सिहं द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उपनिरी विनोद यादव मय फोर्स के आरोपीगण को दबियाकलाँ रास्ते पर बने बुधनी नदी की पुलिया पर घेराबंदी कर मय अल्टो क्रमांक स्क्क33ष्ट5471 के पकड़ा एवं आरोपीगण अमर घावरी पुत्र जगदीश घावरी उर्फ गफ्फार घावरी, सौरभ पुत्र कालूराम घावरी, सागर घावरी पुत्र शेरसिंह घावरी, मनीष घावरी पुत्र कालूराम घावरी, संतोष घावरी पुत्र लालाराम घावरी निवासीगण पुरानी गल्ला मण्डी के पास वार्ड नं. 13 पिछोर को गिरफ्तार किया गया एवं एक अल्टो कार, एक मोटर साईकिल व दो रायफल, एक देशी अदिया तथा तीन जिन्दा कारतूस जप्त किए गए। प्रशांत शर्मा एस.डी.ओ.पी. पिछोर, विवेचक निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव थाना प्रभारी पिछोर, उप निरीक्षक विनोद यादव धाना पिछोर, उप निरीक्षक नीतू धाकड़ धाना प्रभारी बामोर कलाँ, उप निरीक्षक संतोष भार्गव थाना देहात, उप निरीक्षक अंशुल गुप्ता चौकी प्रभारी खोड़, उप निरी दीपक पालिया, उप निरी देवेन्द्र तोमर, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र जाट प्रभारी सायबर सेल, सउनि प्रवीण त्रिवेदी थाना कौरा को त्वरित कार्यवाही हेतु लगाया गया। टीम व्दारा मय फोर्स के आरोपीगण की तलाश झाँसी, महुरानीपुर, ललितपुर, शिवपुरी, गुना, बारां, कोटा, ग्वालियर, आदि स्थानो पर दबिस दी गई।



दो युवकों ने घर में अकेली 13 साल की नाबालिग से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज, माँ पिता गए थे रिस्तेदारी में

दैनिक पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार

शिवपुरी- जिले के अमोला थाना क्षेत्र अंतर्गत आने बाले आमोलपठा में 13 साल की नाबालिग को घर पर अकेली पाकर दो युवक घुस गए। दोनों ने नाबालिग से ज्यादती कर दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक 13 साल की नाबालिग ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मां व पिता बुधवार को रिश्तेदारी में चले गए थे। अकेली देखकर शाम 5 बजे हनुमत (33) पुत्र मेहरबान लोधी व सत्यभान (32) पुत्र मानसिंह कोली घर में घुस आए। पूछने लगे कि तेरी मम्मी-पापा कहां गए हैं। तभी दोनों ने हाथ पकड़ लिया और अंदर कमरे में खींचकर ले गए। दोनों ने बारी-बारी से गलत काम किया। मां व पिता के घर लौटे तो उन्हें देखकर दोनों भाग गए। चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत ने बताया कि दुष्कर्म का केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया है।

सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उत्पात करने वाले आरोपी को गिरफ्तार

शिवपुरी - कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाल पार्क, आमजनो के घूमने कि लिये बने स्थानो पर पुलिस बल उपलब्ध कराने एवं आमजनो को कोई परेशानी न हो इस हेतु आज दिनांक 05.09.24 को सूचना मिली कि रेल्वे स्टेशन शिवपुरी पर एक व्यक्ति शराब पीकर उत्पात कर लोगों को परेशान कर रहा है सूचना की तस्दीक हेतु थाने से बल को उक्त स्थान पर रवाना किया तो एक व्यक्ति शराब पीकर उत्पात कर रहा था जो लोगो के समझाने एवं पुलिस के समझाने पर भी नहीं माना जिससे लोगो में भय का वातावरण उत्पन्न हुआ जो उक्त व्यक्तियों को तत्काल ही मौके पर गिरफ्तार कर थाना लाकर शांति व्यवस्था हेतु इस्त.क. 128/24 धारा 170,126/135(3) बीएनएसएस कायमी कर आरोपी को एसडीएम न्यायालय शिवपुरी पेश किया गया। आरोपी का जुलूस निकाला गया बाद आरोपी व्दारा थाना पर भविष्य में लडाई झगडा न करने की बात स्वीकार की एवं भविष्य में अच्छी तरह रहना बताया थाना कोतवाली पुलिस व्दारा सार्वजनिक क्षेत्रों व आमजनो के घूमने वाले स्थल पार्को व मुख्य चौराहो पर लगातार पुलिस बल तैनात किया जाकर असामाजिक तत्वो के विरुध्द कार्यवाही की जा रही है जो निरंतर जारी रहेगी।

रील का चक्कर: गुरुद्वारा में रील बनाने पर युवती ने मांगी माफी: सिख समाज ने जताई नाराजगी, धार्मिक स्थलों को नहीं छोड़ रहे

शिवपुरी जिले के करैरा कस्बे के गुरुद्वारे में एक युवती ने रील बनाकर इंस्टाग्राम आईडी पर डाल दी। वायरल होने के बाद युवती को अब गुरुद्वारे में जाकर माफी मांगनी पड़ी हैं। गौरतलब है कि गुरुद्वारा में रील वीडियो बनाने पर रोक था। इसके बावजूद युवती ने फेमस होने के चक्कर में गुरुद्वारे में जाकर रील बनाकर इंस्टाग्राम आईडी पर डाल दिया था। जानकारी के मुताबिक, करैरा कस्बे की रहने वाली एक अन्य समाज की युवती कुछ दिन पहले करैरा के गुरुद्वारा घूमने गई हुई थी। इस दौरान उसने गुरुद्वारा परिषद पर ठुमके लगाते हुए एक गाने पर वीडियो बनवा लिया था। इस वीडियो को युवती ने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट कर दिया था। हालांकि, युवती की रील वायरल होकर सिख समाज

के लोगों तक पहुंची थी। इससे सिख समाज ने नाराजगी जाहिर की थी।

सिख समाज के रोष के बाद कार्रवाई की बात सामने आई थी। हालांकि, युवती ने गुरुद्वारा पहुंचकर अपनी गलती को स्वीकार कर लिया। गुरुद्वारे के प्रबंधकों ने कहा- गुरुद्वारे में रील्स वीडियो और फोटोग्राफी पर रोक है। हालांकि, युवती ने अज्ञानता में ऐसा किया। उन्होंने कहा- युवती ने अपनी गलती को स्वीकार किया और माफी मांगी। इस वजह से हमने उसे माफ कर दिया है। सिख समाज करैरा कमेटी ने कहा- यह एक सराहनीय कदम है। युवती ने अपनी गलती को स्वीकार किया और माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हमें अपनी गलतियों को स्वीकार करना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए और दूसरों को भी माफ करना चाहिए।

महामहिम राष्ट्रपति जी को पत्र लिखकर इस संशोधन को रोके जाने की अपील की

केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में वक्फ़ संशोधन विधेयक ला कर वक्फ़ बोर्ड के मौलिक अधिकारों को छीनने एवं बिल को संसदीय समिति में भेजे जाने पर पाली नगर परिषद के पूर्व पार्षद एवं जिला वक्फ बोर्ड के प्रवक्ता आमीन अली रंगरेज ने लोकसभा के संयुक्त सचिव (जे एम) संसदीय समिति को मेल कर अपनी आपत्ति जताई और महामहिम राष्टपति महोदया को पत्र लिखकर इस संशोधन को रोके जाने की अपील की। पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज ने पत्र में लिखा की वक़्फ़ संशोधन विधेयक पर लोकसभा में मुस्लिम सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे मुस्लिम समुदाय के अधिकारों में हस्तक्षेप के रूप में देखा गया है। रंगरेज ने बिल की खामियों को उजागर करते हुए कहा कि यह विधेयक वक़्फ़ संपत्तियों पर सरकारी नियंत्रण बढ़ाने का प्रयास है, जिससे मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता पर असर पड़ सकता है।

मारुति सुजकी प्रेम मोटर्स प्रा.लि.मुरैना ने शा.मा. वि. जौरी में मनाया शिक्षक दिवस

मुरैना। मारुति सुजकी के मेनेजर चेतन्य सेंगर, बलबीर सिकरबार टीम लीडर,इरफान हुसेन सिद्धीकी क्रद्व योगेंद्र यादव आंशू तोमर कपिल कस्यप पूरी टीम के साथ मारुति सुजकी के बारे में बारीकी से समाझाइस दी कोनसी ठीक है किसका एवरेज ठीक है केसे फाइनेंस होगी सभी को बडे प्रेम के साथ समझाया बाल दिवश पर बच्चो ने भी रंग बिरगीं लीलाये की मारुति की टीम ने समस्त स्टाफ को अपनी तरफ सेडायरी,पेन उपहार दिया साथ में सबके लिये लंच व्यवस्था भी की थी।

बच्चे शभी खुश नजर आ रहे थे- स्कूल प्रभारी राजेंद्र पचोरी ने कहा जो व्यक्ति अपने शिक्षक का सम्मान नहीं करता इतिहास उसे स्थान नहीं देता उसे गति नहीं देता। जिला अध्यक्ष रामनरेश डण्डोतिया ने कहा अध्यापक अपने युग का किसान होता है जो कलम के हल से, कागज की जमीन पर शब्दों की फसल उगाता है एक मेहनती किसान के पसीने से सींचे अर्थवान शब्दों की फसल जब लहलहाती है तब राष्ट का मस्तक हिमालय से ऊंचा उठकर आसमान को चुम्बन देता है। प्र.अ.राजेंद्र पचोरी,कमलेश उपाध्याय,पुष्पा धाकरे,अजय कुमार बंशल,विवेक शर्मा,श्रीमती मंजू शर्मा,अंजना तोमर,रामदाश नारोलिया,शारदा त्यागी,पूजा दुवे,हर्षिता राणा,अंकिता तिवारी,अनुराग गोयल,रामबेटी शर्मा,ममता गोड,शरद चतुर्वेदी सरला,शान्ती,रेखा, परमार,अनीता परमार बाहिद हुशैन सिद्धीकी, बंदना,विमला खेरन, कुलश्रेष्ठ, उमा भारती मोदी, समापन पर कमलेश उपाध्याय ने कहा आपने हमारा स्कूल चुना कार्यक्रम भी अति उत्तम रहा हम आपके रिणी है सबको सहयोग करने के लिये धन्यवाद जी

शिक्षक हमें ज्ञान देने के साथ ही जीवन को जीने की कला सिखाते हैं: अधिष्ठाता डॉ. डी परमहंस

मेडिकल कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस

शिवपुरी- श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में गरुवार को एमबीबीएस छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज अधिष्ठाता ने डॉ. डी परमहंस वतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एमबीबीएस छात्र- छात्राओं स?हित चिकित्सा शिक्षकों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।इस दौरान अधिष्ठाता डॉक्टर डी परमहंस, विभागाध्यक्ष एवं पूर्व डीन डॉक्टर ईला गुजरिया, विभागाध्यक्ष एवं पूर्व डीन डॉक्टर के.बी. वर्मा ,अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौत्रऋषि,विभागाध्यक्ष डॉक्टर राजेश अहिरवार, विभागाध्यक्ष डॉक्टर पंकज शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अनंत राखोंडे, विभागाध्यक्ष डॉक्टर अपराजिता तोमर सहित कॉलेज के समस्त वरिष्ठ सीनीयर, जूनियर डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ के साथ एमबीबीएस छात्र - छात्राऐं उपस्थित हुए। कार्यक्रम संयोजन एवं सफल संचालन उप रजिस्ट्रार डॉक्टर ऊरवशी मारवाह द्वारा किया

गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए शिक्षक को भगवान से ऊपर का दर्जा दिया गया है। शिक्षक हमें ज्ञान देने के साथ ही जीवन को जीने की कला सिखाते हैं। वे जीवन में होने वाली चुनौतियों से लड़ना सिखाते हैं और भविष्य के बेहतर निर्माण के लिए प्रेरणा देते हैं। हमारे देश में टीचर्स को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के लिए रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। विश्व भर में शिक्षक दिवस को 5 अक्टूबर को मनाया जाता है लेकिन भारत में इस दिन को भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में 5 सितंबर को मनाया जाता है। साथ ही यह भी कहा कि डॉ. राधाकृष्णन एक विद्वान, शिक्षक और प्रसिद्ध दार्शनिक भी थे। उनका जन्म 5 सितम्बर 1888 को तिरुत्तनी में हुआ था। उनको देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ÷भारत रत्न÷ से सम्मानित किया गया था। उनके द्वारा एजुकेशन क्षेत्र में किये गए कार्यों को ध्यान में रखते हुए शिक्षक दिवस को 5 सितंबर को मनाये जाने का फैसला किया गया। कहा जाता है कि डॉ. राधाकृष्णन के स्टूडेंट्स और अन्य मित्रों ने मिलकर उनके जन्मदिवस को धूमधाम से सेलिब्रेट करने के लिए कहा। लेकिन वह इसके पक्षधर नहीं थे और उन्होंने इसे मनाने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इस दिन अगर सभी शिक्षकों को सम्मान दिया जाना चाहिए न कि मुझ अकेले को। इसके बाद से उनकी जयंती को देश में नेशनल टीचर्स डे के रूप में घोषित कर दिया गया। पहली बार राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 को मनाया गया था।

वाल्मीकि समाज की बैठक के आयोजकों के संग समीक्षा बैठक को अध्यक्ष

नगीना। वाल्मीकि समाज के कद्दावर नेता चद्रपाल वाल्मीकि ने कहा कि समाज का जिला प्रधान बनाए जाने को लेकर बनाई गयी कौर कमेटी का विस्तार इसी सप्ताह के भीतर किया जाएगा ताकि चुनाव सरल वे पारदर्शिता के साथ कराया जा सके। वे मंगलवार की देर शाम रेलवे स्टेशन स्थित एक प्रतिष्ठान पर बिजनौर में हुई जिला वाल्मीकि समाज की बैठक के आयोजको के संग समीक्षा बैठक को अध्यक्ष पद से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोर कमेटी का विस्तार किया जाना है, जिसमें ग्रामीण अंचलों से भी साफ छवि होने के उपरांत शीघ्र ही कोर कमेटी की बैठक बैठक में चुनाव संबंधी नियमावली तैयार की जाएगी, जिसमें प्रधान पद के इच्छुक प्रत्याशी को अपना आवेदन शुल्क के साथ आगामी 15 से 20 सितंबर 2024 तक जमा करने, नवनिर्वाचित जिला प्रधान का कार्यकाल 3 या 5 वर्ष का होगा साथ ही जिला प्रधान पद का प्रत्याशी किसी आपराधिक गतिविधियो में सम्मिलित ना हो ऐसे प्रत्याशियों के आवेदन स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि जिला प्रधान का पद सम्मान से भरा होता है इसीलिए समाज का जिला प्रधान ईमानदार और साफ छवि वाले प्रत्याशियों के ही आवेदन स्वीकार किए जाने चाहिए। ताकि कोर कमेटी के प्रति समाज में एक अच्छा संदेश जाना चाहिए।

एक्ने सौंदर्य पर दाग

यदि चेहरे पर मुंहासों जैसे ढेर सारे दाने पास-पास और गुच्छे की शक्ल में हों और बहुत दिनों तक बने रहे तो सावधान हो जाइए। यह एक्ने हो सकता है। अगर आपके परिवार में एक्ने की हिस्ट्री रही है यानी आपके मां या पिता को भी यह समस्या रही है तो भी आपको इससेबचाव की कोशिशें शुरू कर देनी चाहिए।

एक्ने त्वचा का एक डिसऑर्डर है। यह मुंहासों का ही बिगड़ा हुआ रूप है। फर्क यह है कि आमतौर पर मुंहासे जहां बिना किसी विशेष उपचार के किशोरावस्था के बाद स्वयं ही ठीक हो जाते है, वहां एक्ने के साथ ऐसा नहीं होता और जब तक इसका सही ढंग से इलाज न हो, यह ठीक नहीं होता।

क्यों होता है एक्ने

त्वचा के नीचे स्थित सिबेशस ग्लैंड्स से त्वचा को नमी देने के लिए तेल निकलताहै। ये ग्लैंड्स चेहरे, पीठ, छाती और कंधों पर सबसे ज्यादा होते है। अगर ये ज्यादा सक्रिय हो जाएं तो रोमछिद्र चिपचिपे होकर ब्लॉक हो जाते है और उनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं जो एक्ने का कारण बनते है। सामान्य स्थिति में सूर्य की किरणें इनको पनपने नहीं देतीं। सिबेशस ग्लैंड्स की अति सक्रियता की प्रमुख वजह एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता है। एंड्रोजन पुरुष सेक्स हार्मोन है और यह लड़के और लड़कियों दोनों में ही होता है। किशोरावस्था में इसका सिक्रीशन ज्यादा होता है।

कई लड़कियों को पीरियड्स से पहले हर बार मुंहासे निकल आते है जो बिगड़कर एक्ने का रूप ले सकते है। ऐसा ओव्यूलेशन के बाद प्रोजेस्टरॉन हार्मोन के ज्यादा सिक्रीशन की वजह से होता है। इससे त्वचा पर छोटे-छोटे दानों के गुच्छे से बन जाते है। इसी तरह सिबेशस ग्रंथियों से उत्पन्न सीबम त्वचा के पिगमेंट से मिलकर रोमछिद्रों को ब्लॉक कर देता है तो ब्लैकहेड्स बनते है। अगर त्वचा की अंदरूनी परत में सीबम जमा हो जाता है तो व्हाइटहेड्स बनते हैं। कई बार ब्लैकहैड्स और व्हाइटहेड्स त्वचा के भीतर फैलने के बाद फूट जाते है, जिससे बाहरी त्वचा पर एक्ने और फैल सकता है।

टॉक्सीन भी है कारण

शरीर में जरूरत से ज्यादा टॉक्सिक तत्व भी एक्ने का कारण हो सकते है। त्वचा का एक महत्वपूर्ण कार्य पसीने के जरिए शरीर से टॉक्सिक तत्वों को बाहर निकालना है। ऐसे में अगर टॉक्सिक तत्व बहुत ज्यादा हो जाएं तो इस पूरी प्रक्रिया में त्वचा के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।

इसके अलावा एलर्जी, तनाव, जंकफूड, सैचुरेटड फैट, हाइड्रोजेनेटेड फैट और पशु उत्पादों के प्रयोग, कुपोषण और प्रदूषण से भी एक्ने की संभावना बढ़ जाती है। कुछ दवाओं जैसे स्टीरॉयड, ओरल कांट्रेसेप्टिव पिल्स और मिरगी की दवाओं आदि के रिएक्शन से भी एक्ने हो सकता है।

बचाव

कुछ बातों का ध्यान रखा जाए तो एक्ने को रोका जा सकता है, कम से कम उसका ज्यादा बढ़ना तो कम किया ही जा सकता है। बेहतर होगा कि आप मुंहासे निकलते ही एक्ने की रोकथाम के उपाय शुरू कर दें

खान-पान

भोजन में ऐसी चीजें लें जिनमें फैट और मसालों की मात्रा बहुत कम हो। अधिक चिकनाई, तेज मीठा, स्टार्चयुक्त और मसालेदार भोजन से एक्ने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए ऐसे भोजन से बचें।

1. रेशेदार पदार्थ अधिक मात्रा में लें। इससे पेट साफ रहता है और शरीर के विषाक्त पदार्थ भी कॉमीडोनिक एक्ने

इनफ्लैमेटरी एक्ने

नॉनइलोसिस्टिक एक्ने

पहले प्रकार के एक्ने में ब्लैकहैड्स और व्हाइटहैड्स आते है। इसके उपचार के लिए रेशियोनिक एसिड क्रीम लगाने की सलाह दी जाती है छह से आठ हफ्ते में इस तरह का एक्ने ठीक हो जाता है। दूसरी तरह के एक्ने में कीलों के साथ लाल दाने हो जाते है। इसके लिए एंटीबायटिक दवाएं दी जाती है। तीसरी तरह के एक्ने में त्वचा पर सिस्ट हो जाते है। इसके लिए आईसोट्रीट्वाइन नामक कैप्सूल दिए जाते है। इस तरह के एक्ने का इलाज लगभग 8 महीने चलता है और एक महीना पूरा होने पर लगभग दस प्रतिशत अंतर नजर आने लगता है। अंतिम प्रकार के एक्ने के ठीक हो जाने के बाद चेहरे पर गड्ढेनुमा दाग पड़ जाते है, जिन्हें हटाने के लिए लेजर थेरेपी का प्रयोग किया जाता है।

कीलों व मुंहासों से कैसे पाई जाए नजात

- हरी व रेशेदार सब्जियां भोजन में शामिल करें और अपना पेट भी साफ रखें.
- कीलमुंहासे होने पर आयोडीन का प्रयोग कम करें क्योंकि इस से इन में पस पड़ने का भय रहता है.
- जिंकयुक्त मल्टी विटामिन लें.
- तनावमुक्त रहें.
- केशों में स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कम करें. उन के प्रकार के अनुरूप शैंपू से ही उन्हें साफ करें.
- त्वचा पर आयल फ्री सौंदर्य प्रसाधनों का ही प्रयोग करें और मेकअप भी लाइट ही करें.मुंहासों को हटाने के लिए किए जाने वाले उपचार को केवल मुंहासों पर ही न कर पूरे चेहरे पर प्रयोग करें.उन आदतों को छोड़ दें, जो मुंहासों को और बढ़ाएं जैसे ठोड़ी को फोन से लगाना, अपने गंदे हाथों को चेहरे पर लगाना, बारबार चेहरे को छूना.
- मुंहासों को दबाएं या फोड़ें नहीं वरना वे और बढ़ जाएंगे और उन के सूख जाने पर चेहरे पर निशान भी पड़ जाएंगे.अपनी त्वचा के अनुरूप क्लींजर का प्रयोग करें. उस से चेहरे को प्रतिदिन 2-3 बार धोएं.चेहरे को न तो बारबार धोएं और न ही जोर से रगड़ें.

जब बालों में रूसी हो जाए

चेहरे के सौंदर्य में बालों का महत्वपूर्ण स्थान है लेकिन महिलाएं उस समय चिंतित हो उठती हैं जब उनके बालों में रूसी हो जाती है. रूसी सिर की मृत त्वचा का ही एक रूप होता है जो खुश्की के कारण बालों में जम कर सिर खुजलाने तथा सिर की त्वचा को जख्मी बनाने का काम करता है. बालों को स्वस्थ, निरोग तथा सुरक्षित रखने के लिए निम्न उपायों को करिए:-

* बालों की नियमित धुलाई के लिए आंवला तथा शिकाकाई पाऊडर बना कर रख लीजिए. सिर धोने से एक घंटा पहले गर्म पानी में इस मिश्रण का घोल बना लें और उससे सिर धोएं. इससे बाल चिकने तथा स्वच्छ होते हैं.
* सिर धोने के कुछ देर बाद बालों में कुछ देर तक ब्रश करके रूसी से छुटकारा पा सकते हैं. शैम्पू करने के बाद गीले बालों में सिरके वाले पानी को डालिए और उंगली के पोरों से धीरे-धीरे मलिए. फिर शुद्ध पानी से धो डालिए. रूसी गायब हो जाएगी.
* बथुए को पानी में उबाल कर उसके पानी से सिर धोकर रूसी को भगाइए.
* एक कटोरी बेसन लेकर उसमें दो चम्मच दही डालकर थोड़े पानी के साथ घोल तैयार कर लें. इस घोल से सिर धोइए. नियमित प्रयोग से रूसी गायब होती है.
* बालों को गर्म पानी से कभी मत धोइए. इससे उनकी जड़ें कमजोर होती हैं. गीले बालों में कंघी करने से बाल कमजोर होकर टूटते हैं. बाल धोते समय पानी में एक नींबू का रस निचोड़ दीजिए. इससे सिर का मैल दूर होकर बालों की चमक को बनाए रखता है.



रंगों में फैशन

आपके साथ भी ऐसा कभी हुआ होगा कि किसी ने दूर से ही देखकर आपके परिधान की रंग की तारीफ कर दी हो। वे रंग ही हैं, जिन पर सबसे पहले लोगों की नज़र पड़ती है और जिसका असर लोगों पर लम्बे समय तक बना रहता है।

कौन-सा रंग कब पहना जाना है, अवसर क्या है, जहां जा रहे हैं, वहां का वातावरण कैसा होगा, अगर पार्टी है तो किस समय है आदि बातों का भी रंगों के चयन पर असर पड़ता है। दिन-रात और शाम का ध्यान भी रखना ज़रूरी है।

ज़रा अपने वॉर्डरोब पर एक नज़र डालिए। किस तरह के रंगों की प्रधानता दिखाई देती है? क्या आपकी अल्मारी तरह-तरह के रंगीन कपड़ों से भरी है? या सिर्फ एक-दो रंग, जिन्हें आप अक्सर पहनती हैं? ध्यान से देखें तो आप पाएंगी कि गिने-चुने रंग ऐसे हैं जिन्हें बाज़ार से आप अक्सर ले आती हैं। इसके पीछे आपकी मानसिक भावनाएं काम करती हैं। हम महसूस करें न करें लेकिन प्रतिदिन रंगों का असर हम पर होता है। नाखुश होने पर हम चुनाव करते हैं ग्रे, भूरे या फिर काले जैसे रंगों का। जानते हैं क्यों? क्योंकि उस समय यह रंग हमारी भावनाओं से मेल खाते हैं। ठीक इनके विपरीत रंगों यानी खुशरंगों का चुनाव हम हल्के मूड के दौरान करते हैं।

वैज्ञानिक रूप से यह भी पता चलता है कि आपके कपड़ों के हर रंग का एक कलर मैसेज होता है यानी एक संदेश जो सिर्फ रंग व्यक्त करते हैं और देखने वाला ग्रहण करता है। जैसे ही आप किसी समारोह या सामाजिक स्थल पर पहुंचते हैं, रंग अपना मैसेज लोगों तक पहुंचा देते हैं।

शोध ने साबित किया है कि पहना हुआ रंग, व्यक्ति की भावनाओं पर तो असर करता ही है, देखने वाले के हार्मोंस, रक्तचाप और शरीर के तापमान पर भी असर डालता है। इसीलिए सलाह दी जाती है कि अवसर देखकर रंग चुनें। जैसे किसी बिज़नेस मीटिंग के लिए चुनी गई सफेद शर्ट के साथ लाल जैकेट आपमें आत्मविश्वास और ऊर्जा दर्शाती है। लेकिन बिजनेस मीटिंग के लिए लेस लगे कुर्ते या टॉप का चुनाव सही नहीं होगा। किसी जॉब इंटरव्यू पर जाने के लिए भी सही रंग का चुनाव करना बहुत ज़रूरी होता है। यहां चटख रंग वाले कपड़े जहां साक्षात्कार लेने वाले का ध्यान भटकाएंगे, वहीं आपके व्यक्तित्व के बारे में गलत संदेश भी दे सकते हैं।

आइए, समझते हैं रंगों में निहित मुखर संदेशों को

पीला रंग- यह रंग लोगों का ध्यान आकर्षित करता है और नई शुरूआत प्रारंभ करना दर्शाता है।

लाल-पीला रंग- यह रंग ऊर्जा देता है और संवाद जारी रखने की प्रेरणा देता है।

लाल- आत्मविश्वास दिखाता है, परंतु इसका इस्तेमाल संभाल कर करना चाहिए।

मैरून- शिष्टता दर्शाता है।

मध्यम नीला- यह रंग दूसरों को सहज बनाता है और संवाद की प्रक्रिया आराम से जारी रखने में मदद करता है।

आसमानी नीला- शांति और स्थिरता का रंग।

नेवी ब्लू- यह रंग इस बात का संदेश देता है कि लोग आपको गंभीरता से लें। यह श्रोताओं को सुनने और आप पर भरोसा करने की प्रेरणा देता है।

नीला-लाल- यह बुद्धिमत्ता और नारीत्व दर्शाता है।

लाल-नारंगी- यह शक्ति, सृजनात्मकता और ऊर्जा का रंग है।

सावधानियां- रंग के चुनाव के साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि वह आपकी शारीरिक बनावट और त्वचा के रंग के अनुरूप हो।

कपड़े खरीदने जाते समय खुश मूड में जाएं। अगर मन उदास होगा, तो रंगों के चयन पर उसका असर पड़ेगा।

सौंदर्य समस्याएं- उपयोगी टिप्स

सलोनी रंगत के लिए

आपकी त्वचा की रंगत यदि सलोनी है तो रात को सोने से पूर्व जैतून के तेल में जाफरान और थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे की त्वचा के साथ गर्दन व हाथ-पैरों पर भी लगाएं, इसके प्रयोग से त्वचा की रंगत में आश्चर्यजनक निखार आता है।

आंखों के काले घेरों के लिए

आंखों के काले घेरे अच्छे-भले सौंदर्य को नष्ट कर देते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए आप पुदीने के रस में खीरे को पीस कर भली-भांति पेस्ट बना लें और आंखों के काले घेरों पर 10 मिनट तक लगा रहने दें। इसके प्रयोग से आंखों के काले घेरों की समस्या का समाधान शीघ्र हो जाएगा।

बालों की रूसी के लिए

बालों में यदि रूसी की समस्या उत्पन्न हो गई हो तो बालों को धोने से पूर्व अंडे की जर्दी बालों की जड़ों में भली-भांति लगाएं या फिर थोड़े गुनगुने पानी में सुहागा मिला लें और शैंपू करने के उपरांत इस पानी से बालों को अच्छी तरह से धो लें। इसके प्रयोग से बालों में रूसी की समस्या का समाधान होता है।

शुष्क त्वचा के लिए

यदि चेहरे की त्वचा शुष्क और खुरदरी है तो आप चेहरे पर दही का प्रयोग करें। वहीं त्वचा की मसाज के लिए जैतून या फिर बादाम के तेल का प्रयोग करें। इसके प्रयोग से त्वचा का खुरदरापन दूर ही नहीं होगा। बल्कि त्वचा की रंगत में भी निखार आ जाएगा।

बालों को कंडीशन करने के लिए

बालों को कंडीशन करने के लिए वैसे तो बाजार में असंख्य कंडीशनर मिल जाते हैं लेकिन घरेलू कंडीशनर के रूप में दही का प्रयोग अत्यधिक लाभदायक सिद्ध होता है।

चेहरे की झुर्रियों के लिए

चेहरे की त्वचा पर यदि झुर्रियां पड़ गईं हों तो शहद को मास्क की भांति चेहरे पर सूखने तक लगाएं।

मकान एवं मक्का के बाड़े में छुपा रखी थी सागौन की अवैध सिल्लियां, वनकर्मियों ने की जब्त

देवास। खातेगांव वन अमले ने अवैध लकड़ी कटाई एवं परिवहन की खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रेंजर के नेतृत्व में टीम बनाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।खातेगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी वंदना ठाकुर ने बताया कि वन परिक्षेत्र के अंतर्गत अवैध लकड़ी कटाई एवं परिवहन की सूचना मिल रही थी। हमने मुखबिर तन्त्र सक्रिय किया। और डीएफओ प्रदीप मिश्रा, एसडीओ एस.एल. यादव के मार्गदर्शन में सर्च वारंट के आधार पर ग्राम सुकरास में राजू पिता कमल के घर पर तलाशी ली। मौके पर मकान एवं मक्के के बाड़े में छिपाकर रखी अवैध सागोन चिरान 15 नग, 0.273 घनमीटर जिसकी बाजार कीमत 14 हजार 766

रुपए है। साथ ही उपयोग किये औजार भी जब्त किए। आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया।इसी प्रकार मुखबिर की सूचना के अनुसार रात्रि गश्त के दौरान बीट बांगड़दा से लगे नांदी -सुकरास मार्ग में एक मोटरसाइकल जिस पर एक सागोन सिल्ली रखी हुई थी। जिसे रोका गया। वाहन चालक वन स्टाप को देखकर भागने लगा। स्टाप द्वारा पीछा कर आरोपी पकड़ा। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दीपक पिता गुलाब कोरकू, चंदर पिता श्यामलाल निवासी ग्राम चांदी बताया। वाहन चालक से सागौन लकड़ी के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो उनके द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गए। अवैध सागवान सिल्ली की नापतोल की गई। सागवान सिल्ली नग 01, घनमीटर 0.096 कीमत 5 हजार 280 रुपए की पाई गई, मोटरसाइकिल वाहन जप्त किया गया, आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (क) (ख),मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 की धारा 3,5 ,15 एवं लोक संपत्ति विरूपण निरोधक अधिनियम 1984 की धारा के अंतर्गत प्रकरण कायम किया कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी खातेगांव सुश्री वंदना ठाकुर, डिप्टी रेंजर सत्यनारायण बछानिया, साधुसिंह चौहान, वनरक्षक कमलसिंह राणा, शिवम बैगा, मालती शर्मा, विमला भारती, अनिल बछानिया सुरक्षा श्रमिक नारायणसिंह राजपूत, ड्राइवर शिवप्रसाद एवं सुनील आदि का विशेष सहयोग रहा

निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 15 सितम्बर को श्री सनातन धर्म मंदिर में

आगामी 15 सितम्बर रविवार को श्री सनातन धर्म मंदिर में एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला ने बताया श्री सनातन धर्म मंदिर एवं समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में लगाए जाने वाले इस विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आंखों की जांच वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञों द्वारा की 15 सितंबर रविवार को प्रातः 11ः00 बजे से दोपहर 1ः00 बजे तक की जाएगी। मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण समर्पण हॉस्पिटल जीवाजी नगर थाटीपुर में कुशल नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा आधुनिक पद्धति सेकिया जाएगा।मोतियाबिंद ऑपरेशन का चेक अप कैंप सनातन धर्म मंदिर परिसर में लगाने का निर्णय कार्यकारणी द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया है। यह निशुल्क शिविर मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी एवं सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।अध्यक्ष विजय गोयल, प्रधानमंत्री श्री रमेश चंद्र गोयल लल्ला, कोषाध्यक्ष राकेश बंसल, हरिशंकर सिंघल, प्रदीप सिंघल,राजेशबंसल,नरेंद्रमंगल,मोहनलाल अग्रवाल, संदीप वैश्य,मनोज सांघी, रविंद्र सिंघल, नारायण बृजवासी, एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया है

गणेश पंडाल के बाहर खड़े युवक की चाकू से गोदकर हत्या

ग्वालियर । शनिवार दोपहर गणेश पंडाल के बाहर खड़े एक युवक की पांच हमलावरों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हमलावर अचानक आए और युवक को खींचकर सड़क पर ले आए। वह कुछ समझ पाता उससे पहले ही उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। वारदात राठौर चैक गदाईपुरा की है। हमले में घायल हुये युवक को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजकर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

ऋतिक वर्मा, मृतक

मिली जानकारी के मुताबिक हजीरा थाना क्षेत्र स्थित गदाईपुरा राठौर चैक निवासी ऋतिक उर्फ रित्विक वर्मा (20) पेशे से हलवाई था। शनिवार को गणेश चतुर्थी पर वह घर के पास ही गणेश पंडाल के बाहर खड़ा था। यहां मौहल्ले के लोग गणेश प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। तभी वहां बाइक से दीपक तिवारी अपने साथियों कमल, राहुल सिंह, साहिल व एक अन्य के साथ पहुंचा। हमलावरों ने शर्ट की कॉलर पकड़कर ऋतिक को घसीटा और बीच सड़क पर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद दीपक ने चाकू निकालकर उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे ऋतिक लहूलुहान हो गया। भीड़ एकत्रित होते ही हमलावर चाकू छोड़कर मौके से भाग निकले। राहगीरों ने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस घायल को बिड़ला हॉस्पिटल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वारदात के बाद इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद शव को पीएम के लिये भेज दिया। पुलिस को जांच में पता चला है कि ऋतिक की हत्या करने वाले पांच हमलावर थे। इनमें से प्रमुख हत्या आरोपी दीपक तिवारी है। उसकी और ऋतिक की रंजिश चली आ रही है। हत्या आरोपी की बहन घर से चली गई है और उसी को लेकर ऋतिक ने 15 से 20 दिन पहले कोई कमेंट किया था। इसी कमेंट को लेकर उस समय भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। दीपक ने ऋतिक को सबक सिखाने की ठान ली थी। इसी इरादे के साथ शनिवार को वह आया और हत्या कर दी। पुलिस का मानना है कि हमलावरों ने रेकी कर हमला किया है। इस मामले में एएसपी क्राइम शियाज केएम का कहना है कि किसी रंजिश पर एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। हमलावरों की तलाश की जा रही है।

पति की दीर्घायु की कामना को लेकर महिलाओं ने तेज़ धूप और उमस भरी गर्मी के बीच रखा निर्जला व्रत ।

नौगांव । हरिततालिका तीज का पर्व शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया । यह दिन महिलाओ के लिए बेहद खास माना जाता है। यह व्रत भद्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर रखा जाता है । धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मां पार्वती ने त्रिकालदर्शी भगवान शिव को पति के रुप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी । इस में सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर शिव पार्वती की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु की कामना करती है। शनिवार को हरित तालिका तीज पर्व के शुभावसार पर सुहागीन महिलाओं ने चिलचिलाती धूप के बीच पति की दीर्घायु की कामना को लेकर निर्जला व्रत

रखकर पूजन अर्चन किया हरित तालिका तीज के इस व्रत में मौसम ने भी महिलाओं का साथ नही दिया शनिवार की सुबह से ही एक ओर जहा सूर्य देव की तीखी किरणें चुभती रही तो वही दूसरी ओर उमस भरी भीषण गर्मी ने पसीने छुड़ा दिए । ऐसी कड़ी धूप और भीषण उमस के बीच निर्जला व्रत रखे महिलाएं प्यास से व्याकुल होती रही । पति की लंबी उम्र के लिए सुहागन महिलाओं को यह व्रत बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है इस दिन महिला दिन भर बगैर अन्न जल ग्रहण किए व्रत रहती है । और सोलह श्रृंगार कर भगवान को भोग लगाकर पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात रात भर जागरण करते हुए किस्से कहानियों और भजन कीर्तन का दौर चलता रहा अगले दिन सुबह आरती के बाद माता पार्वती को सिंदूर और भोग लगाकर व्रत का समापन किया गया ।

बजार में दिखी रौनक चौक चौराहों पर लगी रही दुकानें-

हरित तालिका तीज के पर्व को लेकर बाजार गुलजार नजर आया। पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखने महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। सुबह से लेकर देर शाम तक महिलाओं और युवतियों ने बाजार में श्रृंगार, पूजन सामग्री सहित अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी की गई शहर के कोठी चौराहे से लेकर मैन बजार तक पर्व में उपयोग की जाने बाली केला के पत्ते फूलमालाओं जैसे अनेक समग्री की दुकानें जगह जगह लगी रही ।

भागवत कथा का हुआ भूमि पूजन

संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा होंगा आयोजन

ग्वालियर- गौरवशाली सामाजिक संस्था एवम गौरवशाली श्रीमद भागवत सेवा समिति के द्वारा श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 सितम्बर से 18 सितम्बर 2024 तक नेताजी गार्डन सिकन्दर कम्पू मिसहिल स्कूल के पास ग्वालियर के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री महाराज की अमृत वाणी द्वारा किया जा रहा है भागवताचार्य जी ने बताया कि इस भागवत कथा का मुख्य उद्देश्य 1-मानव कल्याण एवं धमार्थ प्रचार के द्वारा युवाओं को भारतीय संस्कृति एवं संस्कार पूजा पाठ के प्रति आकर्षित करना 2-समाज में फैली दहेज प्रथा, मृत्युभोज, कन्या हत्या, जैसे-कुरीतियों को दूर करते हुये एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी सुरक्षा जैसे विषयों को प्रोत्साहित करना 3 इस श्रीमद् भागवत कथा में मानव कल्याण एवं स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिवरों का आयोजन किया जावेगा 4-वहीं गौरवशाली संस्था-2019 से संस्थाध्यक्ष एड. शिल्पा डोंगरा के नेतृत्व में निरन्तर कोई भूखा न सोये संकल्प पर निरन्तर कार्य करती आ रही है और आगे भी कार्य करती रहेगी मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अभय चौधरी ,पूर्व सांसद विवेक नारायण सेजवलकर,सभापति श्री मनोज तोमर ,पार्षद धर्मेंद्र जैन,गिरजा गर्ग के द्वारा भूमि पूजन किया गया समिति के सदस्यों के द्वारा आभार किया डॉ. जितेन्द्र सिंह राजावत, श्रीमती तृप्ती भटनागर, श्याम श्रीवास्तव, इंजी. विजय शर्मा, दिनेश शर्मा, श्रीमती रीता डोंगरा, एड. शिल्पा डोंगरा, नरेन्द्र चौहान, यशपाल कपूर, श्रीमती सीमा समाधिया, विनोद सप्रा, वासुदेव मिश्रा, प्रमोद नरवरिया, सुनील करन, कार्तिक रोहिरा, हरीओम शर्मा, आदिल्य भार्गव, लोकेन्द्र भार्गव, निमिष, भावेश डोगरा, गौरव वंसल, ऋष्ट तरसोलिया, पंकज जुनेजा, साकेत कुशवाह, रानी गौर, लक्ष्मी करन, अंजली नरवरिया, रेखा गम्भीर, पुष्पा कुशवाह, ऊषा बाथम, नीलम कुशवाह, अमृत डोंगरा, कृष्णा करन, पिंकी कुशवाह, नंदनी करण, हिमांशु करण एवं कथा के पारिक्षित नितिन डोंगरा, श्रीमती रूचि डोंगरा ने सभी का आभार व्यक्त किया

प्रतिभूति कारखाना केंद्रीय विद्यालय का किया निरीक्षण सांसद दर्शन सिंह

बच्चों के हित में सारे काम करेंगे - सांसद दर्शन सिंह

सांसद ने की निराकरणीय पहल, तुरंत टीनशेड और सीढ़ी बनाने के दिए निर्देश

केसरिया हिंदुस्तान श्योपुर, होशंगाबाद लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी जी ने नर्मदापुरम में प्रतिभूति कागज कारखाना स्थित केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण किया,भाजपा मिडिया प्रभारी नरेश धाकड़ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रशासन एवं प्रतिभूति कारखाने के प्रशासन से सामंजस्य बिठा कर काम करने निर्देश देते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय के भवन के निर्माण अब जीर्ण हो चुका है, अब विद्यालय को नए इंफ्रास्ट्रक्चर जल्द से जल्द दिया जायेगा उसके लिए हम प्रयासरत है, पुरानी बिल्डिंग को डिस्मेंटल कर शिक्षकों एवं छात्रों को नया भवन सौंपेंगे। लेकिन तात्कालिक रूप से निराकरणीय पहल करने की आवश्यकता है इसके लिए तुरंत में प्राथमिक भवन में प्रथक रुप से सीढ़ी निर्माण एवम् विद्यालय परिसर के ऑडिटोरियम में टीन शेड बनाने के निर्देश देते हुए कहा यह आधुनिक भारत है मोदी जी का युग है बच्चो के हित में जो भी वो सब काम हम जिम्मेदारी में साथ करेंगे, और बच्चो को स्मार्ट क्लास, अच्छे मजबूत भवन, खेल खुद के मैदान सब कुछ देंगे।

योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता मल्हार पार्क में संपन्न

विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र मेडल देकर किया गया सम्मानित

सिंगरौली/डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला सिंगरौली के तत्वाधान में पंचम जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का सफल आयोजन मल्हार पार्क बैड़न के योग भवन में नागेंद्र बहादुर सिंहजी रिटायर्ड जीएम एक्सबेशन एनसीएल सिंगरौली माननीय नगर संघ चालक सिंगरौली के प्रमुख आतिथ्य,डॉ आर डी पाण्डेय जिलाध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एशोसिएशन सिंगरौली के अध्यक्षता व डॉ सुशील सिंह चंदेलजी जिला सचिव विद्याभारती,राजकुमार विश्वकर्माजी जन अभियान परिषद जिला समन्वयक के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्वलन उपरांत शुभारंभ हुआ। जिसमें जिले भर से 10 वर्ष से 55 वर्ष के18 योगासन स्पोर्ट्स के प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें से जजेज के पैनल में श्रीमती स्वप्निल श्रीवास्तवजी,श्रीमती पुष्प लता सिंहजी,श्रीमती आकांक्षा पाठकजी द्वारा सभी योगासन

स्पोर्ट्स के प्रतिभागियों का कौशल देखने उपरांत सब जूनियर गर्ल्स प्रथम अंशु सेन,द्वितीय आकृति सिंह,तृतीय आरती साकेत सब जूनियर बॉयज में प्रथम पंकज केवट,द्वितीय अभय केवट जूनियर वायस में प्रथम शुभम दुबे,द्वितीय निकेश कुमार साकेत,जूनियर गर्ल में प्रथम आरती सिंह,सीनियर बॉयज में प्रथम अजय कुमार सिंह,द्वितीय अखिलेश प्रजापति,सीनियर महिला में उर्मिला पटेल प्रदेश स्तर पर खेलने हेतु चयनित किए गए।उक्त अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉक्टर आर डी पांडेयजी ने सभी अतिथियों का स्वागत बन्दन अभिनन्दन कर प्रतियोगिता के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले से चयनित प्रतिभागी प्रदेश एवम प्रदेश से चयनित प्रतिभागी राष्ट एवम राष्ट से चयनित प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेंगे जहाँ प्रथम द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने बाले प्रतिभागियों को खेल एवम युवा मंत्रालय द्वारा पुरूस्कृत किया जावेगा। जिले से चयनित सभी प्रतिभागियों एवम प्रतियोगिता में भाग लिए सभी प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाइयाँ प्रेषित किया। कार्यक्रम के प्रमुख रूप से प्रतियोगिता आयोजक सिंगरौली योगासन स्पोर्ट्स एशोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आर डी पाण्डेय,उपाध्यक्ष रणजीत सिंहजी,सचिव गजमोचन सिंहजी,सह सचिव शत्रुघ्न पांडेयजी,कोषाध्यक्ष राम नरेश त्रिपाठीजी,जिला सदस्य आकांक्षा पाठकजी,अजय सिंहजी,श्री निवास श्रीवास्तवजी सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट,आर आर तिवारीजी,श्यामसुंदर शाहजी,आर पी सिंहजी,जग प्रसाद विश्वकर्माजी,रमेश कुमारजी,उर्मिला पटेलजी,पूजा चौरसियाजज,शिवांगी चौरसियाजी,बनारसी शाहजी,संतोष साहजीप्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनानें में सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

एक नजर...

मंदिर और सोसायटी में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

देवास। कन्नौद थाना पुलिस ने मंदिर और सोसायटी में चोरी करने वाले आरोपियों को धरदबोचा। थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा सपत्ति सबंधी अपराधो में आरोपियो की धरपकड हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आकाश भूरिया, एसडीओपी केतन अडलक को निर्देशित किया था। पिछले दिनों कन्नौद थाना क्षेत्र अंतर्गत आष्टा रोड पर स्थित जैन मंदिर में चोरी का प्रयास किया गया था जिसमें प्रकरण दर्ज होकर विवेचना की जा रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा अपने परम्परागत तरीके से तथा एवं सीसीटीव्ही कैमरो की मदद से कन्नौद पुलिस टीम द्वारा पूर्व के चोरी के अपराधो में संलिप्त अपराधियो पर मुखबीर तंत्र सक्रिय कर नजर रखी जा रही थी। इसी बीच कस्बा कन्नौद में स्थित विपणन सेवा सहकारी संस्था के गोडाउन की दिवार तोडकर भंगार का समान चोरी करने की वारदात हुई। जिसमें प्रकरण दर्ज कर विवेचना में संदेही गोपाल पिता अशोक और पिन्टू पिता श्रवण निवासी कन्नौद को घटना स्थल के आस-पास देखा गया था। जिस पर संदेह के आधार पर गोपाल पिता अशोक, पिन्टू पिता श्रवण निवासी कन्नौद से पूछताछ की गई। जिन्होने अपने साथी नितेश तिवारी उर्फ कोटुर पिता राम व जाहिद उर्फ जैब कटटा पिता रहीश निवासीगण कन्नौद के साथ जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपीगण को बाउण्ड ओवर तथा जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्रवाई में एसआई बी.एस. पटेल, प्र.आर. अशोक जोसवाल, बालकृष्ण छापे, रोहित गुर्जर, मनीष शर्मा एवं कन्हैयालाल का विशेष योगदान रहा।

कार सवार हमलावरों ने कोर्ट जा रहे युवक पर किया हमला मौत

एटा/जीजा के साथ न्यायालय में तारीख पर जा रहे युवक पर कार सवार हमलावरों ने किया हमला बताया जा रहा है कि कार सवार युवक ने बाइक सवारी युवक पर कुल्हाड़ी लाठी डंडों और ईंटों से कुचलकर कर दी हत्या थाना कोतवाली क्षेत्र के कासगंज रोड स्थित मारुति शोरूम के पास की है घटना की जानकारी होने पर भारी संख्या में पुलिस घटना स्थल पर पहुंची हमलावरों में पीछे से कार से वाइक में टक्कर मारकर पहले वाइक को गिरा दिया फिर पीट पीट कर हत्या कर दी सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि विवेक यादव पर कोतवाली देहात में अप्रैल में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था विवेक यादव शहर के तीन लोग कुछ महीने पहले नहर में नहाने गए थे वहां विवेक यादव ने दो लोगों नहर में डुबाकर हत्या कर दी थी इसी मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था जिससे विवेक को कोर्ट में जमानत मिली थी आज अपने जीजा ओमवीर के साथ विवेक यादव कोर्ट जाने के लिए निकला तभी अज्ञात हमलावरों में हत्या कर दी इसके बाद कार सवार बदमाश मौके से फरार हो गए इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

दमोह। राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख,कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस का कार्यक्रम संस्थान में आयोजित किया गया जिसमे संस्था के निदेशक गिरीश तिवारी के द्वारा संस्था के प्रशिक्षण केंद्रो के प्रशिक्षको का सम्मान किया गया एंव डा. श्री राधा कृष्ण सर्वपल्ली जी को याद करते हुऐ शिक्षक का जीवन में योगदान कितना महत्वपूर्ण है इस पर सभी ने अपना अपना विचार साझा किए इस कार्यक्रम से संस्था से गोपाल दुबे, विशाल राजपूत, हर्ष सोनी, बबली गुप्ता, निखिल जाटव, दीपा पटेल उपस्थित थे।

भोपाल मध्य प्रदेश वर्तमान में किसान का सोयाबीन पिछले 10 12 साल से किसानों

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मध्य प्रदेश माननीय कृषि मंत्री महोदय भारत सरकार नई दिल्ली मध्य प्रदेश शासन भोपाल मध्य प्रदेश वर्तमान में किसान का सोयाबीन पिछले 10 12 साल से किसानों के लिए घाटे का सौदा बनता जा रहा है किसानों के सोयाबीन का कम से कमड़7000 प्रति कुंतल बिकना चाहिए कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 धारा 34 के अनुसार किसी भी कृषि उपज का समर्थन मूल्य से नीचे विक्रय ना किया जावे इस अधिनियम में दंड नीय अपराध माना गया है इसका शक्ति से पालन करवाया जावे तीन भूमि अधिग्रहण कानून को किसान हितेषी बनाते हुए वर्तमान में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्य में कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण ना किया जाए यदि ऐसा होता है है तो किसानों

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478